वर्ष- 21 अंक - 263 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 10 मार्च 2026

# ईरान युद्ध से एलपीजी पर संकट

## मुंबई, बैंगलुरु में कई रेस्टोरेंट पर दिखने लगा असर



**नई दिल्ली ● एजेंसी**

अमेरिका-इजरायल के साथ ईरान की जंग से मिडिल ईस्ट में परेशानियां शुरू हो गई हैं। इस बढ़ते युद्ध ने एनर्जी सेक्टर में मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, जिनसे पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में हाहाकार मचा है। वहीं दूसरी ओर भारत में एलपीजी संकट बढ़ता नजर आ रहा है। 7 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के भाव में वृद्धि हुई है। वहीं अब कमर्शियल सिलेंडर मिलना कई शहरों में मुश्किल भी हो रहा है। भारत के लखनऊ, कोलकाता और हैदराबाद समेत कई जगहों पर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लगी हैं, लेकिन सरकार और एक्सपर्ट का साफ कहना है कि देश में एलपीजी की कमी नहीं है और ये स्थिति सिर्फ घबराहट में की जा रही बुकिंग के चलते बनी है। इधर मुंबई-बेंगलुरु जैसे शहरों में रेस्टोरेंट पर एलपीजी संकट का असर दिख रहा है। कुछ रेस्टोरेंट तो कल से ही बंद हो गए हैं। आहार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर हालात नहीं सुधरे तो अगले दो दिनों में मुंबई के 50 प्रतिशत होटल बंद हो सकते हैं।

## मोदी के एक कॉल से खत्म हो सकती है जंग- मिर्जा



**नई दिल्ली.एजेंसी।** यूएई के पहले राजदूत रहे हुसैन हसन मिर्जा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक फोन कॉल ईरान और इजराइल के बीच चल रहे जंग को रोकने में मदद कर सकता है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों में जबर्दस्त तनाव के चलते मिडिल ईस्ट में संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत के डिप्लोमेटिक स्टैंड और दोनों देशों के साथ मोदी के रिश्ते अच्छे हैं। इजराइल मोदी 10 दिन पहले होकर ही आए हैं वहीं ईरान के तेल के सबसे बड़े खरीदार भी हैं। ऐसे में उनके एक फोन से समस्या का हल हो सकता है।

## ईरान हमले का जश्न मनाने वाले 6 पाकिस्तानी-बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मंगलवार.एजेंसी। बहरीन के आंतरिक मंत्रालय ने ईरान द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों का समर्थन करने वाले 6 एशियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। हमलों की तारीफ करने के आरोप में 5 पाकिस्तानी और एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने बहरीन पर हुए ईरानी हमले वाले वीडियो बनाए और सोशल मीडिया पर साझा किए।**

## 2034 में गिरने वाला सैटेलाइट आज गिरेगा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**



**नासा का 600 किलोग्राम वजन वाला वैन एलन प्रोब ए सेटेलाइट आज पृथ्वी पर गिर रहा है। 2012 में लॉंच यह सैटेलाइट 14 साल बाद वायुमंडल में घुसने वाला है। स्पेस फोर्स के अनुसार ज्यादातर हिस्सा जलकर राख हो जाएगा।**

शेष टुकड़े समुद्र मे गिरेंगे। सूरज की सक्रियता के कारण यह समय से पहले गिर रहा है। वैज्ञानिकों ने सोचा था कि दोनों उपग्रह 2034 तक ऊपर रहेंगे लेकिन पिछले कुछ सालों में सूरज काफी सक्रिय रहा है। सूरज की बढ़ी हुई गतिविधि की वजह से पृथ्वी का वायुमंडल थोड़ा फैल गया है। जिससे ऊपर घूम रहे उपग्रहों पर हवा का घर्षण बढ़ गया है। जिसकी वजह से सैटेलाइट तेजी से नीचे आने लगे हैं। प्रोब ए पहले गिर रहा है। प्रोब बी फिलहाल थोड़ा ऊपर है। इसलिए 2030 से पहले यह नहीं गिरेगा। आज गिरने वाले प्रोब ए से पृथ्वी पर किसी को नुकसान पहुंचने का खतरा बहुत कम है।

### *ट्रंप के दावे पर ईरान का जवाब*

## युद्ध कब खत्म होगा हम तय करेंगे- ईरान

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

ट्रंप ने फ्लोरिडा में अपने डोरल नेशनल गोल्फ क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि ईरान के साथ चल रहा युद्ध जल्द ही खत्म हो सकता है। इस पर ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि युद्ध कब खत्म होगा यह हम तय करेंगे, अमेरिका नहीं। ट्रंप ने दावा किया था कि अगर अमेरिका पहले हमला नहीं करता, तो ईरान एक हफ्ते के भीतर अमेरिका पर हमला कर सकता था। उनके मुताबिक ईरान के पास बड़ी संख्या में मिसाइलें थीं और वह अमेरिका, इजरायल और पूरे मध्य-पूर्व पर बड़ा हमला करने की तैयारी में था।

## कब्जा हटाने पहुंची टीम पर हमला

**ग्वालियर.एजेंसी।** ग्वालियर के जनगंज थाना इलाके में सवा बीघा जमीन से कब्जा हटाकर दूसरे पक्ष को दिलाने को लेकर बवाल हो गया। जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी भारी फोर्स के साथ यहां पहुंचे थे जहां मामला बिगड़ गया। बल प्रयोग के कारण लोग भड़क गए और महिलाओं ने पथराव कर दिया।

## कोलकाता में मुख्य चुनाव आयुक्त को दिखाए काले झंडे, गो बैक के नारे



**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए तीन दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि वो सुबह-सुबह कालीघाट काली मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे थे, जहां कुछ लोगों ने उन्हें काले झंडे दिखा और गो बैक के नारे लगाए। मंदिर में दर्शन करने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, 'हमने दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में अहिंसक और दबाव रहित चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।'

## राज्यसभा चुनाव : 26 नेता निर्विरोध निर्वाचित

**मंगलवार.एजेंसी।** राज्यसभा चुनाव के दौरान 7 राज्यों के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। इनमें शरद पवार, अभिषेक मनु सिंघवी, रामदास आठवले के नाम शामिल हैं। वहीं बिहार, उड़ीसा और हरियाणा की 11 सीटों पर चुनाव होना तय है। 10 राज्यों की 37 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 7 राज्यों के 26 उम्मीदवार बिना मुकाबले के ही निर्वाचित हो गए हैं।

## विधायक को बम से उड़ाने की धमकी

**मंगलवार.एजेंसी। गाजियाबाद के लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर को पाकिस्तान से धमकी भरा कॉल आया। उन्होंने बताया कि कॉल करने वाले अरमान अली ने कहा है कि उन्हें किसी भी सभा में बम से उड़ा देंगे।**



### न्यूज़ ब्रीफ...

## कार की टक्कर से 4 की मौत

**कटनी.एजेंसी।** कटनी के बारवाड़ थाना क्षेत्र में बीती रात एनई-43 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। कार ने बाइक सवार 4 युवकों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। इधर उत्तरप्रदेश के अमेठी जिले में भी सड़क हादसा हो गया। सड़क पर खड़े खराब ट्रक में दो बाइक टकरा गई जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 4 अन्य घायल हो गए।

## अभिषेक ने दुबे से लिया था बल्ला

**अहमदाबाद.एजेंसी।** टी20 वर्ल्डकप में भारत ने जीत हासिल कर ली है जिसमें ओपनर अभिषेक शर्मा और संजू सैमसंग द्वारा शानदार शुरुआत की गई। ओपनर अभिषेक शर्मा से पूरे टूर्नामेंट में उम्मीदें लगाई गई थीं, लेकिन उन्होंने फाइनल मैच में अर्द्धशतक लगाकर भारत को मजबूत शुरुआत दी। इसके पीछे अब खुलासा हुआ है कि उन्होंने शिवम दुबे के बल्ले से बल्लेबाजी की थी। शर्मा ने कहा कि मुझे लगा कि कुछ अलग ट्राय करना चाहिए। इसलिए बल्ला बदला।

## दीवार ढहने से 7 की मौत

**गुरुग्राम.एजेंसी।** हरियाणा के गुरुग्राम में निर्माणाधीन दीवार के ढह जाने से 7 मजदूरों की मौत हो गई। करीब 15 मजदूर मलबे में दब गए। बताया जा रहा है मजदूर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में काम कर रहे थे।

## शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई.एजेंसी।** स्टॉक मार्केट में गिरावट का सिलसिला आज सुबह थम गया है। सेंसेक्स और निफ्टी ने तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत की है। इसके पीछे कारण अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से दिए गए संकेतों को माना जा रहा है।

## 15 साल तक खरीदे टिकट, अब लगी 37 करोड़ की लॉटरी

**मंगलवार.एजेंसी।** यूएई में काम करने वाले एक भारतीय ड्राइवर की किस्मत अचानक चमक गई है। लगातार 15 साल से लॉटरी टिकट खरीद रहे शख्स ने आखिरकार बिग टिकट का 37 करोड़ रुपए का जैकपॉट जीत लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक विजेता का नाम विबीश पल्लियाली है जो पिकअप ड्राइवर है। उसे रिश्तेदारों ने टिकट लेने के लिए कहा था।

# अंधेर नगरी चौपट राजा

# नगर निगम ने सड़क का निर्माण हुए बगैर कर दिया भुगतान

## कांग्रेस ने एक और भ्रष्टाचार का मामला किया उजागर

### निगम आयुक्त को दस्तावेज देकर की कार्रवाई की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि इंदौर नगर निगम में अंधेर नगरी चौपट राजा के हालात बने हुए हैं। एक तरफ तो शहर में मंजूर किए गए विकास कार्य नहीं हो रहे हैं और दूसरी तरफ काम किए बगैर ठेकेदार को लाखों रुपए का भुगतान करने का सिलसिला भी चल रहा है।

चौकसे ने नगर निगम में





भ्रष्टाचार के नए मामले का खुलासा करते हुए कहा कि इंदौर नगर निगम के जन कार्य विभाग के द्वारा जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 12 में यादव नंद नगर गली नंबर 2 में सीमेंट कंक्रीट की सड़क के निर्माण का फैसला लिया गया था। यह सड़क प्रेम परमार वाली गली में बनाई जाना थी। चौकसे ने कहा कि निगम के द्वारा यह कार्य ठेकेदार माही इंटरप्राइजेज को सौपा गया था। इस ठेकेदार एजेंसी ने नगर निगम के अधिकारियों और भाजपा के नेताओं के साथ मिली भगत कर सड़क का निर्माण किए बगैर ही निर्माण हो जाने की रिपोर्ट लगाते हुए बिल प्रस्तुत कर दिया। नगर निगम के द्वारा इस बिल का पूर्ण भुगतान जारी कर दिया गया है। हकीकत यह है कि सड़क बनाने के नाम पर वहां पर अभी तक कोई काम नहीं हुआ है। यह मामला नगर निगम में भ्रष्टाचार का जीवंत प्रतीक है। चौकसे ने कहा कि इस मामले में हुई आर्थिक अनियमिताओं की शिकायत हमारे द्वारा दस्तावेज के साथ नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल से की गई है। हमने मांग की है कि इस मामले में दोषी सभी व्यक्तियों के खिलाफ निगम के कोष से धन की अफरा तफरी करने और धोखाधड़ी करने का अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएं।



## मंत्री समर्थक ने किया रोजा इफ्तार आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष एवं मंत्री तुलसीराम सिलावट समर्थक मंजूर बेग एवं हाई कोर्ट अधिवक्ता नासिर बेग ने पारिवारिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया। बडी संख्या में माणिकबाग स्थित गार्डन में निकट के लोग पहुंचे। प्रमुख रूप से तुलसीराम सिलावट, मो. अकबर, समीर बेग, फैजान बेग, रियाज खान, युनूस खान, जाकिर खान सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन समाज में इधर चुनाव की प्रक्रिया, उधर शपथ





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद में भी दो धड़े इस नए सत्र में भी हो गए हैं। एक धड़ा दो पूर्व अध्यक्ष ने बना दिया था। अध्यक्ष विनय बाकलीवाल को बनाया तो वे लगातार अपनी टीम बनाते रहे और कल अध्यक्ष सहित सभी ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इधर दूसरा सामाजिक संसद विधिवत चुनाव से काबिज होना चाहता है और 15 मार्च रविवार को बकायदा मतदान दो अध्यक्ष दावेदारों के बीच होना है, जिसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नरेन्द्र वेद, संजय बाकलीवाल, नकुल पाटोदी, जैनेश झांझरी, सुरेन्द्र बाकलीवाल, डीके जैन, अशोक बड़जात्या, पिंकी पाटोदी, नीता जैन, डॉ. धीरेन्द्र जैन, संदीप मोयरा सहित अन्य मौजूद थे। 30 मार्च को महावीर जयंती का जुलूस निकाला जाना है, नकुल पाटोदी को प्रमुख बनाया गया है। 11 सहसंयोजक भी नियुक्त किए गए हैं।

## भाजपाइयों ने देखी फिल्म शतक




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने इंदौर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर आधारित फिल्म शतक को सामूहिक रूप से देखा। बड़ी संख्या में भाजपाई जयपालसिंह चावड़ा और जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा के नेतृत्व में फिल्म देखने पहुंचे।

## मुख्यमंत्री आज भाजपा के आयोजन में कर रहे है शिरकत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान के अंतर्गत दोपहर में शिरकत कर रहे है। वे इन्दौर एयरपोर्ट पर 11.50 बजे पहुंचेंगे और सीधे स्कीम नंबर 54 विजय नगर स्थित गुजराती इनोवेटिव कॉलेज जाएंगे और कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यशाला का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं अन्य करेंगे। डॉ. यादव दोपहर 2.30 बजे इंदौर एयरपोर्ट आएंगे और भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## भाजपा प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला में वक्ता देंगे मार्गदर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा आज राज्य स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की क्षेत्रीय कार्यशाला गुजराती इनोवेटिव कॉलेज पर आयोजित कर रही है। शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मौजूद रहेंगे। वहीं वरिष्ठ और प्रभारियों में अजय जामवाल, रत्नाकर, केसी पटेल, शिव प्रकाश, महेन्द्र सिंह की भी आज मौजूदगी और उद्बोधन भी होंगी। आज द्वितीय सत्र में 8 कक्षों में 8 वक्ताओं द्वारा अलग-अलग विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। सुमित मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला में इंदौर, उज्जैन, निमाड़ और मंदसौर संभाग के साथ गुना और अशोक नगर जिले के अपेक्षित कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी होगा।




## भाजपा ने की संगठन कार्यक्रम को लेकर टोली बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भाजपा कार्यालय पर आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया। कई विषय पर चर्चा भी हुई। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि कल भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, रणवीरसिंह रावत, सुमित मिश्रा, गौरव रणदिवे, डॉ. निशांत खरे, राजेशसिंह सोलंकी, पुष्यमित्र भार्गव, महेन्द्र हार्डिया, मालिनी गौड़, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, सुदर्शन गुप्ता, गोपीकृष्ण नेमा, जयपालसिंह चावड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## 15 दिनों तक दिखाएंगे फिल्म

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। 15 दिनों तक 15 हजार हिन्द रक्षक कार्यकर्ताओं को अलग-अलग मल्टीप्लेक्स में दे केरला स्टोरी-2 दिखाई जाएगी। इनमें 10 हजार से अधिक युवतियां और महिलाएं भी होगी।



# पूर्व केन्द्रीय मंत्री को याद किया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की जयंती पर आज उनकी प्रतिमा बंगाली चौराहा पर जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर उनको याद किया। तुलसीराम सिलावट, पुष्यमित्र भार्गव, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता, राजेश उदावत, योगेश गेंदर, मोहन सेंगर, लकी अवस्थी, प्रमोद टंडन, प्रणव मंडल, अश्विनी शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।**

# भाजपा की टोली बैठक में उठा मोर्चा प्रकोष्ठ और मंडल कार्यकारिणी का मुद्दा

## आजीवन सहयोग निधि के अलावा एल्डरमेन नियुक्तियों पर भी हुई चर्चा, दोनों मंत्री रहे चुप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कल भाजपा ने आगामी संगठन की कार्ययोजना को लेकर रणनीति बनाने के लिए टोली बैठक बुलाई थी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट की कल इस बैठक में ज्यादातर समय चुप्पी रही, लेकिन आजीवन सहयोग निधि राशि को लेकर जरूर चर्चा हुई। इस बार चिंता इस बात पर है कि सहयोग निधि की राशि काफी कम एकत्रित हुई है। अभी तक 2 करोड़ 68 लाख रु. एकत्रित हुए हैं, लेकिन उसमें भी 1 करोड़ रु. की राशि समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को भेंट की थी। वह राशि अतिरिक्त आई थी। गत वर्ष की तुलना में आजीवन सहयोग निधि की राशि काफी कम है। सहयोग निधि राशि को कैसे बढ़ाया जाए इस पर भी चर्चा हुई। विधायकों की ओर भी इशारा किया गया कि वे अपनी-अपनी विधानसभा से सहयोग राशि भिजवाए। उल्लेखनीय है कि इन दिनों पार्षद भी अपने क्षेत्र में आजीवन सहयोग निधि के लिए टारगेट कर रहे हैं। कल मुख्य रूप से टोली बैठक में मोर्चा, प्रकोष्ठ, मंडल की कार्यकारिणी जल्द बनाने को लेकर प्रमुखता से चर्चा की गई। साथ ही एल्डरमेन की नियुक्तियां भी की जाए इस विषय पर भी चर्चा हुई। बैठक में कई दिग्गज मौजूद थे। मुख्य विषय तो आज होने वाले कार्यक्रम को लेकर ही चर्चा हुई और मुख्य विषय के बाद इकाइयों के गठन पर भी चर्चा की गई।



## खादीवाला की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व सांसद और गांधी भवन ट्रस्ट के संस्थापक कन्हैयालाल खादीवाला को उनकी जयंती पर आज याद कर नगर निगम रोड उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। दिलीप राजपाल, सत्यनारायण सलवाडिया, रानू मलोरिया, अजयनारायण सीतलानी, विकास जोशी, संजय खादीवाला सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस की कार्यकारिणी 51 के बजाए 251की जाए

## प्रदेश कांग्रेस के सहसचिव ने लिखा अध्यक्ष पटवारी को पत्र

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश कांग्रेस के सहसचिव जौहर मानपुरवाला ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखा, जिसमें जिक्र किया गया कि इंदौर शहर महानगर का रूप ले रहा है और आज भी यहां लाखों कांग्रेसी कर्तव्यनिष्ठ है। पुलिस की लाठी और प्रशासन के झूठे मुकदमे की परवाह किए बिना कांग्रेसी रोड पर उतरते हैं। ऐसे में महानगर का रूप ले रहा इंदौर पहले से और बड़ा हो चुका है और इधर पहले बड़ी संख्या में पदाधिकारी कांग्रेस की शहर और जिला इकाई में बनाए जाते थे। इंदौर शहर में अभी 51 पदाधिकारी बनाए जाना है। यह बढ़ते शहर के मुताबिक काफी कम है, कम से कम 251 पदाधिकारी बनाए जाए, जिससे केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के अलावा भाजपा की निगम परिषद के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी रोड पर उतरकर धरना-प्रदर्शन कर सके। प्रदेश में 25 वर्षों से और निगम में भी 26 वर्षों से कांग्रेस विपक्ष में हैं। ऐसे में जरूरत है कि ज्यादा पदाधिकारी बनाकर कांग्रेस संगठन की सक्रियता रोड पर नजर आ सके और लगातार भाजपा जैसी भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ कांग्रेस धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन कर सके। उक्त पूर्ण जानकारी जौहर मानपुरवाला ने दी।

# जैन संत का मंगल प्रवेश





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इगनोराय नमः का ब्रह्म सूत्र देने वाले मुनिराज आदित्य सागर म.सा. के मंगल प्रवेश में दिगम्बर जैन समाजजनों की मौजूदगी रही। संत का मंगल प्रवेश अंजलि नगर में हुआ। विनय बाकलीवाल, नकूल पाटोदी, जैनेश झांझरी सहित अन्य मौजूद थे।**

# कांग्रेसी भागीरथपुरा के मृतकों की अस्थियां लेकर प्रयागराज जाएंगे

## पटवारी की मौजूदगी में किए जाएंगे अस्थि कलश रवाना

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस अभी भी भागीरथपुरा मुद्दे पर सजग है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष जल्द ही कलेक्टर को ज्ञापन देने वाले हैं और 1-1 करोड़ का मुआवजा, मृतक परिवार में शासकीय नौकरी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। इधर कांग्रेस द्वारा भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौत के मुद्दे पर 14 मार्च को मृतकों की अस्थि कलश लेकर परिजनों के साथ कांग्रेसजन प्रयागराज जाएंगे। इन अस्थियों के साथ कांग्रेसियों के अलावा मृतक परिवार के एक या दो परिजन को भी लेकर जाएंगे। कांग्रेस ने इसके लिए ट्रेन से आने-जाने की व्यवस्था भी की है। बताया जा रहा है कि कुछ परिवारों ने पूर्व में अस्थि कलश विसर्जित कर दिए हैं, इसलिए बचे हुए करीब आधे अस्थि कलश रवाना होंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि 14 मार्च की सुबह 10 बजे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी अस्थि कलश को रवाना करने में मौजूद रहेंगे। वहीं कांग्रेस के अन्य नेता और कार्यकर्ता भी इस दौरान मौजूद रहेंगे।

# पार्षदपति ने घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा 2 के वार्ड क्रमांक 18 भवानी नगर सांवेर रोड में निजी मकान तोड़ने का कार्य दो मजदूर कर रहे थे। मकान का जीना तोड़ने के दौरान जीने की स्लैब अचानक भरभराकर गिर गई, जिसमें दोनों मजदूर दब गए, जिसकी जानकारी



तत्काल क्षेत्रीय पार्षद पति विजय परमार विज्जू और पुलिस को दी। इधर पार्षदपति विजय परमार ने नगर निगम की रेसक्यू टीम को भी बुलवाया और तत्काल दोनों दबे मजदूरों को निकालकर अस्पताल तक पहुंचवाया, जिनका उपचार किया गया। दोनों मजदूरों की हालत ठीक है। सभी ने पार्षदपति के प्रयास की सराहना की।

## परदेशीपुरा में रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात

# पत्नी की हत्या के बाद पति ने लगाई फांसी

**इन्दौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में आज सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नन्दानगर गली नंबर 3 में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद भी फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सबसे दुखद पहलू यह रहा कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने से पहले अपने बच्चों को दूध लेने के बहाने से बाहर भेजा था। पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान एकनाथ वाघ और उनकी पत्नी रोहणी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में यह मामला गहरे पारिवारिक विवाद का नजर आ रहा है। आज मंगलवार सुबह करीब 8 बजे जब घर के दोनों बच्चे सोकर जागे, तो पिता एकनाथ ने उन्हें पैसे देकर बाहर से दूध लाने के लिए भेजा। माना जा रहा है कि बच्चों के जाने के तुरंत बाद एकनाथ और रोहणी के बीच संघर्ष हुआ। पुलिस को रोहणी के शव के पास टूटी हुई चूड़ियां मिली हैं, जो इस बात का संकेत हैं कि उसने जान बचाने के लिए संघर्ष किया था। करीब 20 मिनट बाद जब मासूम बच्चे दूध लेकर घर लौटे, तो अंदर का नजारा देख उनकी चीख निकल गई। पिता एकनाथ फंदे पर लटका हुआ था और मां का शव जमीन पर बेसुध पड़ा था। चौंकाने वाली बात यह है कि फंदे पर लटके एकनाथ के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुँची। टीम ने कमरे से फिंगरप्रिंट्स और अन्य भौतिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस को आशंका है कि एकनाथ ने पहले रोहणी का गला घोंटकर या अन्य तरीके से हत्या की और फिर खुद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवा दिया है।

# नाले के किनारे लगा है गंदगी का अंबार

## आउटफाल बंद करने का काम देखने पहुंचे आयुक्त तो हुआ गड़बड़ी का खुलासा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के द्वारा नाले में मिलने वाले घरों के ड्रेनेज लाइन के आउटफाल को बंद करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की मौके पर स्थिति देखने के लिए जब आयुक्त क्षितिज सिंघल पहुंचे तो वहां नाले के किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ नजर आया।**

इंदौर की कान्ह और सरस्वती नदी को एक बार फिर नदी के स्वरूप में लाने के काम को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है। पहले भी इस काम पर अब तक 3000 करोड रुपए से ज्यादा की राशि खर्च हो चुकी है। इसके बाद भी यह नदी नहीं बनी और अब भी नाला ही बनी हुई है। राज्य सरकार की ओर से बार-बार इंदौर नगर निगम को यह कहा जा रहा है कि इस नाले को नदी के रूप में परिवर्तित करने के कार्य को प्राथमिकता दें। यही कारण है कि इस समय निगम के द्वारा इस नाले में जाकर मिलने वाले घरों के ड्रेनेज लाइन के आउटफाल को बंद करने का काम किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किए गए और किए जा रहे काम को देखने के लिए आयुक्त सिंघल निकले। उन्होंने झोन क्रमांक 18 अंतर्गत कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय के पीछे स्थित जगन्नाथ धर्मशाला के पास नाला आउटफॉल एवं नाला टेपिंग कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाले के



किनारे कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की तथा लापरवाही बरतने पर संबंधित सीएसआई विनय मिश्रा, सहायक सीएसआई सोहरन सिंह एवं क्षेत्रीय दरोगा अंजु रील का तीन-तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसी दौरान क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सीटीपीटी की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई तथा मौके पर केयरटेकर भी अनुपस्थित पाया गया। इस पर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सिंघल द्वारा झोन क्रमांक 08 के अंतर्गत तुलसी नगर क्षेत्र में स्थित नाले का निरीक्षण किया गया। यहां नाले के किनारे किए जा रहे आउटफॉल कार्य की समीक्षा करते हुए शेष रहे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। झोन क्रमांक 05 अंतर्गत मेघदूत नगर स्थित नाले में किए जा रहे आउटफॉल कार्य का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नाले के आसपास गंदगी पाए जाने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सीएसआई राम लोवशी का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

## घर-घर से अनुपयोगी सामान एकत्रित करेगी पांच गाड़ियां

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। नगर निगम के द्वारा आज से घर की सफाई अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत नगर निगम की पांच गाड़ियां घर-घर जाकर वहां से अनुपयोगी सामान एकत्रित करेगी। इन गाड़ियों को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।**

नगर निगम इंदौर द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत क्लासिक पूर्णिमा कॉलोनी से इंदौर की सबसे बडी आरआरआर (कम करें, पुनः उपयोग करें,

### महापौर ने हरी झंडी दिखाकर गाड़ियों को किया रवाना





पुनर्चक्रण करें) कलेक्शन ड्राइव–घर की सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया। पांच विशेष वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की गई। भार्गव ने इस अवसर पर कहा कि री-यूज का कॉन्सेप्ट हमारी भारतीय परंपरा का हिस्सा रहा है। पहले बड़े भाई द्वारा उपयोग की गई किताबें, कपड़े और अन्य सामग्री छोटे भाई को देने की परंपरा समाज में सदियों से चली आ रही है। इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम इंदौर द्वारा घर की सफाई अभियान प्रारंभ किया गया है। घरों से निकलने वाली अनुपयोगी वस्तुएं जैसे कपड़े, किताबें, इलेक्ट्रॉनिक सामान, खिलौने एवं अन्य उपयोगी सामग्री को इन वाहनों के माध्यम से संग्रहित किया जाएगा। एकत्रित सामग्री को केसरबाग ब्रिज के नीचे बनाए गए 3आर सेंटर में ले जाकर छंटाई की जाएगी तथा वेस्ट से बेस्ट की अवधारणा के तहत जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आगामी नगर निगम के बजट सत्र के दौरान समस्त पार्षदों एवं महापौर परिषद के सदस्य लेदर बैग के स्थान पर री-यूज मेटेरियल से बनाए गए कपड़े के झोले का उपयोग करेंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि इंदौर शहर स्वच्छता के क्षेत्र में देश में सिरमौर रहा है और नगर निगम द्वारा समय-समय पर नवाचार कर स्वच्छता के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 'घर की सफाई अभियान' के अंतर्गत 31 मार्च तक विशेष वाहन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर नागरिकों से अनुपयोगी सामान का संग्रहण करेंगे।

# एबी रोड से खत्म हो रहा बीआरटीएस का नामोनिशान

### दूसरे छोर की रैलिंग हटाने में नगर निगम ने दिखाई तेजी, 24 घंटे हटाई जा रही रैलिंग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर के एबी रोड से बीआरटीएस का नामोनिशान हटाने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा तेजी से की जा रही है। एक छोर की रैलिंग हटाने और और सेंट्रल डिवाइडर निर्माण का कार्य शुरू करने के बाद निगम ने अब दूसरे छोर की रैलिंग हटाने के काम में तेजी दिखाकर इसके लिए विजयनगर से लेकर एलआईजी चोराहे तक डिवाइडर हटा दिए गए है।**

नगर निगम जनकार्य विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि बीआरटीएस के बस स्टॉप तोड़ने और एक छोर की रैलिंग हटाने के लिए पिछले दिनों टेंडर किए गए थे। इस प्रक्रिया में पांच एजेंसियों ने भाग लिया था, निगम की ओर से मटेरियल सहित लगभग टेंडर में 152000 की राशि की डिमांड की गई थी जिसके चलते एजेंसी ने इस काम में रुचि दिखाई और अब कोर्ट के निर्देश अनुसार तेजी से बीआरटीएस हटाने का काम किया जा रहा है। मार्च माह के तीसरे सप्ताह तक एक छोर की रैलिंग और बस स्टॉप हटा दिए जाएंगे। किसके साथ ही सेंट्रल डिवाइडर निर्माण का काम भी किया जा रहा है। 2 से 3 माह में लगभग 4.5 किलोमीटर के सेंट्रल डिवाइडर निर्माण का काम पूरा कर लिया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह 24 घंटे एजेंसी से काम करवाए और रैलिंग के साथ बस स्टॉप हटाने का काम समय सीमा में करें पूर्ण करें। इसके अलावा यातायात सुधार हेतु जिन चौराहों पर सेंट्रल डिवाइडर का निर्माण पूरा किया जा चुका है वहां की सिग्नल टाइमिंग भी बदली जाए। वर्तमान में पुरानी वाली सिग्नल टाइमिंग से ही सिग्नल संचालित किया जा रहे हैं। इस टाइमिंग में आई बस के चौराहे से गुजरने के साथ कॉरिडोर में पहुंचने तक सिक्स लेन का सिग्नल रेड रहता है जिसके कारण वर्तमान में भी वाहन चालकों को एक से डेढ़ मिनट तक का सिग्नल पर इंतजार करना पड़ता है। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि मार्च के अंत तक सेंट्रल डिवाइडर निर्माण एवं बस स्टैंड हटाने का काम पूरा कर लिया जाए ताकि जिन क्षेत्रों में एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण नहीं होना है वहां पर सिग्नल सुचारू रूप से संचालित हो और शहरवासियों को ट्रैफिक से राहत मिले।

फिलहाल सिग्नल पर अधिक देर इंतजार करना दो पहिया वाहन चालकों के लिए परेशानी भरा साबित हो रहा है। मार्च माह में ही गर्मी का पारा 40 डिग्री तक पहुंच चुका है ऐसे में सिग्नल पर 2 मिनट तक इंतजार करना लोगों के लिए संभव नहीं है जिसके कारण लोग रेड सिग्नल जंप कर रहे हैं। तेज गर्मी में लंबा सिग्नल का इंतजार परेशानी भरा हुआ है। इधर ट्रैफिक पुलिस के जवान भी दोपहर में सिग्नल से गायब रहने लगे हैं सुबह 11:00 बजे होने वाली हेलमेट चेकिंग जल्दी खत्म की जा रही है।

### अभाविप का आज प्रदर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। अभाविप इंदौर महानगर द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में बीईएड प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में हुई अनियमितताओं के विरोध में आज प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। अभाविप का मानना है कि घोषित परीक्षा परिणाम में गंभीर त्रुटियाँ एवं अनियमितताएँ सामने आई हैं, जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ अन्याय हुआ है। इसके विरोध में आज दोपहर 12.30 बजे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय आरएनटी मार्ग पर प्रदर्शन किया जाएगा।

# भाजपा नेताओं की टीम रही मौजूद

## रेंटल बिल्डिंग्स वेलफेयर एसोसिएशन का मिलन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

संस्था इंदौर रेंटल बिल्डिंग्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। हास्य, व्यंग्य, कविताएँ, गजल, होली गीत के साथ सभी ने अपने अनुभव सांझा किए। भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष नानूराम कुमावत, पुष्पेन्द्र पाटीदार, दिनेश सोनगरा, राकेश जायसवाल, गौरव डाबर, ऋषि सिंघई, आनन्द गुप्ता, शंकर कुमावत, विश्वास द्विवेदी, केके झा, करण रघुवंशी, विजय पटेल, संजय यादव, जय कुशवाहा, सदाराम जलखरे, कपिल रोहिला, सुनील सोलंकी, नवनीत मिश्रा मौजूद थे।

## समय-सीमा पत्रों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की अधिकारीवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, सकारात्मक और निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर वर्मा ने स्पष्ट किया कि समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित सात प्रकरणों की रेंडम रूप से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी- कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। अलग-अलग विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## संकल्प से समाधान अभियान जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिले में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान चार चरणों में आगामी 31 मार्च तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों की 63 सेवाओं और 40 योजनाओं के तहत आवेदकों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में अब तक आयोजित शिविरों में एक लाख 25 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से एक लाख 22 हजार 300 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

## बीएसएनएल के बकाया जमा करने पर मिलेगी 50 प्रतिशत तक की छूट

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आगामी 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय इंदौर एवं तहसील महू में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की छूट का लाभ दिया जाएगा। उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड एवं एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएं प्रदाय की जाएंगी।

# सभी मैरिज गार्डन में होना चाहिए 40 प्रतिशत पार्किंग स्थान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



कल कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की और 'संकल्प से समाधान' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आगामी समय में आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय शिविरों में सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।साथ ही कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि मैरिज गार्डन जितने भी है उनके अंदर ही 40 प्रतिशत पार्किंग व्यवस्था होना चाहिए। इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों को कहा कि वे देखे कि अधीनस्थ मैरिज गार्डनों में नियमानुसार पार्किंग की व्यवस्था है या नहीं। यदि किसी मैरिज गार्डन में पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित नहीं पाया जाता है तो संबंधित मैरिज गार्डन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि ज्यादातर गार्डन में कुछ ही स्थान नाम मात्र का पार्किंग के लिए दिखाया जाता है। स्कीम नं. 71, कैट रोड, माणिकबाग रोड, बांगडदा रोड के ज्यादातर गार्डन में पार्किंग व्यवस्था रोड पर ही है। कई बार रहवासियों ने इसकी शिकायतें भी की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब देखना होगा कि कलेक्टर के निर्देश के बाद मैरिज गार्डनों पर पार्किंग को लेकर क्या कार्रवाई होती है।



## हाथों से दुकान तोडना शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धार रोड स्थित जीएनटी मार्केट में शिव मंदिर के समीप अतिक्रमण को लेकर हिन्दूवादियों ने वर्ग विशेष के अतिक्रमण पर आपत्ति ली थी। आरोप लगा था कि मंदिर के प्रवेश मार्ग पर कब्जा कर बाधा उत्पन्न की जा रही है, हिन्दूवादियों की आपत्ति के बाद प्रशासन, महापौर और क्षेत्रीय पार्षद को भी शिकायत की गई थी। निगम प्रशासन की जांच के बाद यह अतिक्रमण हटाने के का काम खुद निर्माणकर्ता ने शुरू कर दिया।

## संपतिकर व जलकर के सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

14 मार्च को 22 झोनल कार्यालय, रजिस्टार कार्यालय व निगम मुख्यालय पर नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इस नेशनल लोक अदालत में संपतिकर अधिभार (सरचार्ज) में निम्न शर्तो पर छूट दी जा रही है। जिनमें संपति ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रु. तक बकाया होने पर अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रु. से अधिक तथा रू 1,00,000 रु. तक बकाया होने पर अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट संपति कर के ऐसे प्रकरणो जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 1,00,000 रु. से अधिक बकाया होने पर अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जावेगी। इसके साथ ही जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10,000 रु. तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत तक की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10,000 रु. से अधिक तथा 50,000 रु. तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण में जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रु. से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दिनांक 14 मार्च शनिवार को निगम मुख्यालय व झोनल कार्यालय पर आयोजित नेशनल लोक अदालत में दी जाएगी।

# छावनी सड़क चौड़ाई को लेकर निशान लगने के बाद भी सस्पेंस बरकरार



**मधुमिलन से जगन्नाथ धर्मशाला तक बनने वाली बहुचर्चित सड़क का काम तीन चरणों में होगा पूरा**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मधुमिलन चौराहे से जगन्नाथ धर्मशाला छावनी पुल तक बनने वाली मास्टर प्लान की बहुचर्चित सड़क निर्माण का काम निगम तीन चरणों में पूरा करेगा। निगम अधिकारियों के मुताबिक आने वाले दिनों में संभवतः अगले हफ्ते में बेहद जल्द तय नपती और निशान के हिसाब से बाधक निर्माण तोड़ने की कार्यवाही के बाद पहले चरण में यहां का काम मधुमिलन चौराहे से शुरू कर लक्ष्मीनारायण दूध वाले के सामने तक होगा। वहीं इसके बाद दूसरे चरण में श्रद्धानंद मार्ग से मथुरा वाला स्वीट्स छावनी चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य होगा ताकि निर्माण और चौड़ीकरण के दौरान खुदाई के कारण आने - जाने में वाहन चालकों को दिक्कत न हो।

### पहले वैकल्पिक सड़कों के निर्माण का कर दिया काम शुरू

निगम ने यहां काम शुरू करने से पहले छावनी क्षेत्र की जावरा कंपाउंड, उषागंज की भीतर की सड़क बनाने का काम पहले ही शुरू कर दिया ताकि जब यहां काम शुरू होगा तो लोगों को वैकल्पिक रोड़ से निकलने में परेशानी नहीं होगी।

सबसे आखिरी में छावनी चौराहे से जगन्नाथ धर्मशाला की सड़क का काम शुरू होगा ताकि पूरी रोड एक साथ खुदने से लोगों को परेशानी नहीं होगी। वहीं इसको लेकर निगम ने अपनी ओर से पूरी तैयारी कर ली है। सड़क निर्माण प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि अगले हफ्ते में जल्द निगम द्वारा तय नपती-निशान के हिसाब से बाधक निर्माण तोड़ने और हटाने की कार्यवाही शुरू हो सकती है।निगम ने अपनी और से इस सड़क निर्माण कार्य को शुरू करने की तैयारी कर रखी है। ऊपर से इशारा मिलते ही काम शुरू हो जाएगा।

### अब गेंद निगम प्रशासन के पाले में

गौरतलब है कि निगम द्वारा मास्टर प्लान में मंजूर छावनी की इस सड़क को मधुमिलन चौराहे से जगन्नाथ धर्मशाला तक करीब 870 फीट लंबी और 80 फीट चौड़ा बनाना प्रस्तावित है। जिसके हिसाब से निशान भी लगें है, लेकिन क्षेत्र के रहवासियों की शुरू से मांग रही की 80 की बजाय 60 फीट चौड़ाई रखी जाए। इसको लेकर क्षेत्र के व्यापारी और रहवासी लंबे समय से विरोध कर रहे है। लोगों का कहना है कि निगम ने खुद 60 फीट चौड़ाई के हिसाब से भवन निर्माण के नक्शे पास किए जिसके हिसाब से लोगों ने निर्माण किए। यही नहीं ज्यादातर मकान सालों पुराने निगम मास्टर प्लान में मंजूर सभी सड़कों का काम 31 मार्च से पहले शुरू करना चाहता है। दरअसल निगम को डर है कि केन्द्र सरकार से मंजूर मास्टर प्लान की इन सड़कों की राशि समय सीमा निकलने से कहीं लेप्स न हो जाए। हालांकि निगम ने अब तक मास्टर प्लान में मंजूर ज्यादातर सड़कों का काम शुरू कर दिया है। वहीं बची सड़कों का काम भी इसी माह में शुरू करेगा। इनमें जीपीओ से सरवटे वाली भी शामिल है।

### चौड़ाई को लेकर अभी भी संशयः 60 या 80 फीट के हिसाब से होगा काम

बड़ी बात यह है कि पिछले दिनों निगम अधिकारियों द्वारा दोबारा सेंट्रल लाइन से नपती के बाद 80 फीट चौड़ाई के हिसाब से निशान लगाए थे। इधर,लोगों के हिसाब से यहां निगम 60 फीट के हिसाब से ही तोडफोड़ करें। जिसको लेकर उनकी विधायक से भी बात हुई है और चौड़ाई कम करने का आग्रह भी किया है।

# शीतला माता मंदिर में लगी मातृशक्तियों की कतार

## कल रात से लेकर अलसुबह भी पहुंची महिलाएं, किया माता का पूजन, ठंडे प्रसाद का भोग भी लगाया, होलिका पूजन भी किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आज शीतला सप्तमी पर शीतला माता का पूजन अर्चन कल देर रात से लेकर अलसुबह से भी किया जा रहा है। माता के जयकारों के साथ माता शीतला को भोग भी लगाया जा रहा है। आज सुबह से मातृशक्तियां पारम्परिक वेशभूषा में घरों से पूजा और प्रसाद की थाली लेकर माँ के मंदिरों में पहुंची। कल रात 12 बजे के बाद से ही शीतला माता के मंदिरों में आस्था की कतार पूजन दर्शन के रूप में नजर आ रही थी। होली दहन से लेकर रंगपंचमी के बाद की सप्तमी पर माता का पूजन किया जा रहा है। आज मातृशक्तियां ठंडा प्रसाद लेकर माता को भोग लगाने पहुंची। यह भोग प्रसाद कल ही घरों में तैयार किया गया था। घरों में आज खाना नहीं बनता है और कल का बना हुआ खाना माँ को भोग लगाया जाता है और वहीं प्रसाद परिजन आज घर में ग्रहण करते हैं। पूजा के दौरान माताओं ने परिवार की खुशहाली की गुहार भी माँ के समक्ष की। परिजनों के साथ बच्चों को चेचक, खसरा सहित अन्य रोगों के प्रकोप से माँ सुरक्षा दें इसका आशीर्वाद भी लिया। हल्दी, चंदन, सिंदूर और लाल वस्त्र के साथ लाल फूल अर्पण कर धूप-दीप भी किया गया, श्रीफल, चने की दाल का भोग भी लगाया गया और मातृशक्तियों ने माँ की आरती भी की। माँ को प्रसाद अर्पण करने के साथ मातृशक्तियों ने होली का पूजन भी किया और घर आकर कल तैयार किया गया भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इंदौर में भी हर क्षेत्र में माँ शीतला के मंदिर है, इनमें सबसे प्राचीन शीतला माता बाजार का मंदिर माना जाता है, जहां कल रात से ही माता की भक्ति में मातृशक्तियां पहुंची हुई थी। आज सुबह 5 बजे से माता मंदिरों में जबर्दस्त भीड़ थी, महिलाओं की कतार पूजन के लिए लगी हुई थी। मंदिर में महिलाओं ने छापे भी लगाए और डोरे भी मन्नत के बांधे। कुछ लोग सप्तमी के अलावा अष्टमी पर भी माँ शीतला का पूजन करते हैं और कुछ लोग दोनों ही दिन सप्तमी और अष्टमी पर पूजन करते हैं। क़ल सोमवार को भी कुछ मातृशक्तियों ने मां शीतला का पूजन किया था लेकिन मुख्य पूजन आज किया जा रहा है।







## छात्रा मुमुक्षा को किया सम्मानित



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर आईपीएस अकैडमी की छात्रा मुमुक्षा पांचाल को उनके उत्कृष्ट थीसिस कार्य के लिए वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित 'आईआईए पदक' से सम्मानित किया गया है। प्राचार्य प्रो. मनीता सक्सेना ने बताया कि यह सम्मान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट द्वारा देशभर के वास्तुकला विद्यार्थियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र को प्रदान किया जाता है।




## गौड़ ब्राह्मण संघ ने किया मातृशक्ति अभिनन्दन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गौड़ ब्राह्मण संघ नौलखा ने फाग महोत्सव पर कीर्तन की प्रस्तुति दी और मातृशक्तियों शोभा गोविन्द मिश्र एवं मधु आनन्द कौशिक का अभिनंदन किया।

## कैट एवं वैश्य महासम्मेलन का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं वैश्य महासम्मेलन देश की ज्वलंत समस्याओं के प्रति सदैव सजगता रखते हुए कार्य करता है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त रेवड़ियां बांटने को लेकर चिंता जताई है। संस्था अध्यक्ष द्रव्य धीरज खंडेलवाल एवं कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि आज मंगलवार शाम 5 बजे प्रेस क्लब में वैश्य महासम्मेलन आयोजित होगा। अतिथि मौजूद रहेंगे। संस्था के प्रवीण नीखरा, नीलेश अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, उमेश तिवारी, राजेश खंडेलवाल आयोजन से जुडे है।





## माहेश्वरी डीडवाना थोक का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

श्री माहेश्वरी डीडवाना पंचायती (140 घर) थोक के अध्यक्ष पवन भलिका ने बताया कि थोक द्वारा स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पर गौरव महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। लीलाधर ललितादेवी मानधन्या का सम्मान किया गया। विमल लालावत कार्यक्रम संयोजक थे। ज्योति मुछाल, आशा सिंगी, लीलाधर माहेश्वरी, गोपाल कांसट, पंकज गांधी, ओमप्रकाश धूत, लक्ष्मण पटवा ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## मेट्रो में सवारी भले ही कम लेकिन लाइट 24 घंटे चालू



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बांगड़दा क्षेत्र के मेट्रो रूट के समीप वहां की लाइटें 24 घंटे चालू मिलती है। आम लोग सोशल मीडिया से लेकर प्रत्यक्ष रूप से कमेंट्स करते हैं कि मेट्रो में सवारी मिले या ना मिले, लेकिन लाइट तो 24 घंटे चालू मिलती है।

## शास्त्री को याद किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

देवदत्त शास्त्री की प्रथम पुण्य स्मृति पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। निकट के लोगों के अलावा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े सेनानी और उत्तराधिकारी और अन्य कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



# 6 माह पहले लाखों खर्च कर बनी आदर्श रोड पर सजावटी लाइटिंग की अभी से बत्ती होने लगी गुल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मधुमिलन चौराहे से रीगल स्केवेयर तक हाल ही में लाखों रुपए खर्च कर विधानसभा तीन के दो प्रमुख चौराहों को आपस में जोड़कर बनाई गई शहर की दूसरी आदर्श रोड के हाल भी अभी से शहर की पहली पलासिया चौराहे वाली आदर्श रोड़ जैसी होने लगी है। यही नहीं हालत यह है कि यहां सड़क के दोनों तरफ़ आदर्श मार्ग की सुंदरता और खूबसूरती के लिए करीब छह माह पहले दोनों तरफ लगाई गई लगभग 40 से ज्यादा बेंचों के आसपास सजावटी लाइटिंग में से आधा दर्जन से ज्यादा डेकोरेटिव लाइटिंग की, बत्ती अभी से गुल होने लगी है।

**सेल्फी प्वाइंट के पूरा होने से पहले लाइटिंग हो गई बंद-** यही नहीं इधर नालंदा परिसर विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के पास बनाए गए सेल्फी प्वाइंट के पूरा होने से पहले आसपास की लाइटिंग भी अभी से खराब हो गई है। जबकि अभी तो यहां बनाए सेल्फी पॉइंट में देवी अहिल्या की प्रतिमा भी नहीं लग पाई है। उसके बावजूद आधे-अधूरे काम के बीच पिछले कई महीनों से चालू सजावटी लाइटिंग में से यहां कई जगह बीच-बीच आधी से ज्यादा डेकोरेटिव लाइटिंग बंद पड़ी हुई है।

आसपास के व्यापारियों और दुकानदारों का कहना है कि कहीं इस आदर्श रोड के हाल भी शहर के पहले आदर्श मार्ग पलासिया जैसे ना हो जाए, जहां लंबे समय से लाइटिंग बंद पड़ी हुई है। यही नहीं लंबे समय से देखरेख के अभाव में कई जगह आदर्श मार्ग पर कई लाइटिंग और सजावटी सामान की चोरी भी हो गई है। यही नहीं कई जगह सजावटी सामान में टूट-फूट भी हो गई और सालों से वहां की सारी सजावटी लाइट पूरी तरह से बंद पड़ी हुई है। कहीं तो सजावटी लाईटिंग गायब भी होने लगी है। वहीं लोगों को डर है कि कहीं यहां भी निगम जिम्मेदारों ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो फिर धीरे-धीरे देखरेख और मेंटेनेंस के अभाव में यहां के हाल भी कहीं शहर के पहले पलासिया आदर्श मार्ग जैसे ना हो जाए। जहां अनदेखी और जिम्मेदारों के लापरवाही की शिकार आदर्श मार्ग के हाल लंबे समय से बेहाल है। जहां आधी से ज्यादा लाइटिंग में खराबी और डेकोरेटिंग आइटम में टूट-फूट से लेकर महंगी सजावटी आयटम देखरेख के आभाव में गायब तक हो गई।

# बीएमबी ग्रुप के सदस्यों का इस्तकबाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



बीएमबी ग्रुप ने रमजान माह में लोगों की परेशानी को समझा और ग्रुप ने पूरे महीने सेहरी के इंतजाम का आयोजन शुरु किया। रेहान अंसारी ने बताया कि सेहरी में जो रोटी-पराठे बनकर आते हैं, वो सभी कमेटी मेम्बरों के घरों की ख्वातीनों द्वारा तैयार की जाती है, यानी सिर्फ मर्द ही नहीं ख्वातीन भी इस खिदमत में लगी रहती हैं। ग्रुप की इसी खिदमत के लिए ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के सदर मास्टर सलीम लाइक और इंदौर जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष रेहान अंसारी द्वारा बीएमबी ग्रुप के मेम्बरों का इस्तकबाल किया गया। रेहान अंसारी ने बताया कि बीएमबी ग्रुप द्वारा सालों से बाहर से आए हुए छात्रों और जरूरतमंदों को रमज़ान में पूरे महीने सेहरी करवाई जाती है, जो तारीफ ए काबिल और सवाब का काम है, ऐसी खिदमत हर किसी को नसीब नहीं होती। इस मौके पर अनवर देहलवी, शाहनवाज, सुफियान, मोहम्मद नईम, राजिक देहलवी आदि लोग मौजूद थे।

# बोहरा समाज की आज शबे कद्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बोहरा समाज भी पवित्र रमजान माह में रोजा रख रहे हैं, इबादत और नमाज का आयोजन भी हो रहा है। आज 22वां रोजा है और 23वीं रात आज विशेष रात शबे कद्र की होगी। आज रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक बोहरा समाज मस्जिदों में इबादत करेंगे और सैयदना डॉ. आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के बयान सुनेंगे। इस दौरान निर्धारित नमाज और दुआओं के क्रम भी होंगे।

## रोजा रखा गया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सैय्यदा बुशरानाज और सैय्यदा सोबियानाज ने रोजा रखा, रोज इफ्तार का



आयोजन भी किया गया। दुआएं भी की गई। मोईनुद्दीन रिजवी, हाफिज सलाउद्दीन, हाफिज मोहम्मद जमीर, मौलाना कमरुद्दीन भी मौजूद रहे।

# मुस्लिम समाज में आज से ताक रात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पवित्र रमजान माह चल रहा है और आज 20वां रोजा किया जा रहा है। रमजान माह के करीब 10 दिन बचे हैं और आज से ताक रात शुरू हो रही है। इन 10 दिनों में कुल पांच ताक राते 21, 23, 25, 27, 29 पर विशेष इबादत का आयोजन मुस्लिम समाजजन करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इन पाच रातों में से एक रात में पवित्र कुरआन जमीन पर नाजिल किया गया था। इस रात को शबे कद्र कहते हैं, इसलिए हर मुस्लिम समाजजन तीस दिन की इबादत में इन पांच ताक रात में विशेष इबादत कर कोशिश करते हैं कि उन्हें इस एक रात में शबे कद्र मिल जाए। आज से कई मुस्लिम समाजजन नियम पालकर एहतिकाफ में बैठेंगे वे मस्जिद के अन्दर एक ही जगह पर 10 दिनों तक विशेष इबादत करेंगे और अपने नियम को पूरा करेंगे। इन 10 दिनों में मस्जिद में ही रोजा रखकर इफ्तार भी करेंगे, इबादत भी करेंगे, ऐसा माना जाता है कि वह 10 दिनों तक परवरदिगार का मेहमान बनकर इबादत कर रहे है। निहालपुरा मस्जिद में मुस्लिम कसेरा कलाईगर बिरादरी द्वारा पांच ताक रातों में विद्वानों की तकरीर होगी, जो आज से शुरू हो रही है। आज मौलाना मुफ्ती अबुरहमान बयान करेंगे।

# जश्न-ए-मौला अली आयोजन कल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के सदर मास्टर मोहम्मद सलीम लाइक ने बताया कि कल 11 मार्च रात 12 बजे से सुन्नी हनफी मस्जिद नया पीठा में हाफिज अनवार रेहानी की सरपरस्ती में जश्न-ए-मौला अली मनाया जाएगा। मौलाना मोहम्मद सिकन्दर रिजवी तकरीर फरमाएंगे। अनवर देहलवी, अलीम बाबा, रेहान अंसारी, शाहनवाज खान, सुफियान मेमन, हाजी यूनुस खान, गोलू, बाबर, नौशाद पाटिल, शाहिद साबरी, इमरान खान, मोहम्मद नईम, राजिक दहलवी मौजूद रहेंगे।



## रामद्वारा में निर्वाण दिवस

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री रामद्वारा छत्रीबाग में रामस्नेही संत लक्ष्यराम महाराज का निर्वाण दिवस मनाया। रामनाम की दीक्षा दी गई। रामचरित मानस का पारायण हुआ। समाधि का सामूहिक पूजन, भजन किया गया।

## आज शाम होगा 40 विशिष्ट महिलाओं का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आज मंगलवार को शाम 5:30 बजे ब्रह्माकुमारीज, ज्ञानदीप भवन, राजयोग मेडिटेशन सेंटर, श्री साई गंगोत्री विहार, पंचकुइयां रोड पर फाग उत्सव एवं 40 विशिष्ट महिलाओं का सम्मान किया जाएगा।

# युवा मंच का फूलडोल महोत्सव



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नीमा समाज युवा मंच ने फूल डोल महोत्सव के अन्तर्गत 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र शुभ नीमा, प्रखर नीमा को गोल्ड मेडल दिए। समाजसेवी महिलाओं का सम्मान भी किया गया।

# संस्कार यात्रा निकाली जाएगी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री परशुराम युवा सेना राष्ट्रीय संगठन द्वारा संस्कार यात्रा इस बार 19 अप्रैल रविवार को निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। उसी में यह यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बबलू शर्मा, राकेश तिवारी, गौरव पाण्डेय, हृदेश मिश्रा, राहुल तिवारी, मोनू शर्मा, विक्की पाठक, प्रदोष शर्मा, सुरेश गोस्वामी, नवनीत मिश्रा, मयंक पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।



# शिवपुराण कथा का शुभारंभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

श्रीनगर मेन स्थित गार्डन पर खत्री महिला मंच एवं खत्री सभा इंदौर की मेजबानी में आयोजित महाशिवपुराण कथा के पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। बैण्ड बाजा, भजन मंडली, गरबा मंडली और सैकड़ों महिलाओं ने कलश सिर पर धारण किए रास्ते में जगह-जगह स्वागत हुआ। विष्णुदत्त शर्मा महर्षि के श्रीमुख से शिवपुराण कथा का शुभारम्भ हुआ।



## हाथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ और सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मृगनयनी एम्पोरियम में महिला शक्ति और पारंपरिक हस्तकला को समर्पित कार्यक्रम में हाथकरघा प्रदर्शनी का शुभारम्भ हुआ और बुनाई कला को जीवित रखने वाली बुनकर पुष्पा किशोर सरेदे, मीनाक्षी सिंह, सरोज कुलकर्णी, लता राउत, महिलाओं का सम्मान किया गया। गिरीश सोनी ने बताया कि पालिका प्लाजा परिसर में महिला बुनकरों द्वारा निर्मित पारंपरिक उत्पादों की आकर्षक श्रृंखला प्रदर्शित की गई है।

## विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र का आयोजन




इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, द्वारा ग्राम सनावदिया में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक और व्यावहारिक सत्र का आयोजन किया गया। गाँव का भ्रमण कर ग्रामीण जीवन की जटिलताओं को समझा। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्र, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र और प्राचीन मंदिरों सहित विभिन्न सार्वजनिक व सरकारी स्थानों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया।



## फाग उत्सव का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सारा म्यूजिकल ग्रुप महू फाग उत्सव के आयोजन में मातृशक्तियों का सम्मान भी किया गया। दिलीप राजपाल, डॉ. राजकुमार अग्रवाल, जितेन्द्र गुप्ता, सुमन चौरसिया, जीतू बाबा मौजूद थे।

# इंदौरी 'मित्र' कर रहे जिलाध्यक्ष जय सूर्या के लिए पैरवी....



## पिछले डेढ़ वर्ष से धार भाजपा कार्यालय की सीढ़ी नहीं चढ़े जिलाध्यक्ष सूर्या...

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर )।** धार युवा मोर्चा के संगठनात्मक फेरबदल की सुगबुगाहट के बीच जिलाध्यक्ष जय सूर्या की प्रदेश कार्यकारिणी में सक्रियता की कोशिशें चर्चा का विषय बनी हुई हैं। विशेष रूप से स्थानीय स्तर पर आरोपों और इंदौर के 'मित्र' द्वारा पैरवी किए जाने की बात राजनीतिक गलियारों में संगठन के भीतर की खींचतान को दर्शाती है। आमतौर पर ऐसे मामलों में जमीनी कार्यकर्ताओं का फीडबैक और वरिष्ठ नेताओं का वरदहस्त दोनों ही काफी मायने रखते हैं, जय सूर्या पिछले डेढ़ वर्षों से सक्रिय राजनीति से गायब चल रहे है,वही धार जिले भाजयुमो कार्यकर्ताओं का एक बड़ा वर्ग इस बात से नाराज है कि जिलाध्यक्ष जमीनी कार्यक्रमों के बजाय केवल 'पैरवी' के भरोसे उच्च पद पाने की कोशिश कर रहे हैं। खबर है कि सूर्या प्रदेश महामंत्री बनने के लिए इंदौर और भोपाल के चक्कर लगा रहे हैं,उनके 'इंदौरी मित्र' द्वारा की जा रही यह पैरवी स्थानीय धार जिले के कार्यकर्ताओं के बीच मतभेद पैदा कर रही है, क्योंकि वे एक सक्रिय नेतृत्व की मांग कर रहे हैं। भाजपा मध्य प्रदेश ने हाल ही में युवा मोर्चा की कमान श्याम टेलर को सौंपी है। संगठन अब आयु सीमा और सक्रियता को प्राथमिकता दे रहा है। ऐसे में सूर्या की 'निष्क्रिय' छवि उनके प्रदेश कार्यकारिणी में चयन के आड़े आ सकती है। यदि पैरवी के आधार पर उन्हें कोई बड़ा पद मिलता है, तो धार जिले सहित प्रदेश के सक्रिय भाजयुमो कार्यकर्ताओं में विद्रोह की स्थिति बन सकती है, जो पार्टी के आगामी स्थानीय चुनावों और संगठनात्मक मजबूती के लिए ठीक नहीं होगा, धार के जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच यह चर्चा आम है कि जिलाध्यक्ष ने पिछले डेढ़ साल में संगठन को समय नहीं दिया, अब जब प्रदेश कार्यकारिणी में बदलाव का समय आया है, तो उनकी इंदौर-भोपाल में सक्रियता को 'अवसरवाद' के रूप में देखा जा रहा है, जय सूर्या पहले भी अपने बयानों के कारण विवादों में रहे हैं। उन्होंने एक बार कार्यकर्ताओं को जोश में आकर 'थाना फोड़ने' तक की बात कह दी थी। ऐसे विवादित रिकॉर्ड के बीच, प्रदेश नेतृत्व के लिए उन्हें पदोन्नत करना एक जोखिम भरा फैसला हो सकता है, 'इंदौरी मित्र' की पैरवी यह संकेत देती है कि धार भाजयुमो पर बाहरी प्रभाव हावी होने की कोशिश कर रहा है, यदि स्थानीय नेताओं की उपेक्षा कर सूर्या को आगे बढ़ाया जाता है, तो आगामी चुनावों में पार्टी को भीतरघात का सामना करना पड़ सकता है,जय सूर्या के लिए आगे की राह आसान नहीं है,उनकी प्रदेश महामंत्री बनने की महत्वाकांक्षा अब उनके पिछले डेढ़ साल के 'गायब' रहने वाले ठप्पे से टकरा रही है,कुल मिलाकर जय सूर्या का राजनीतिक भविष्य अब उनकी दिल्ली-भोपाल की सेटिंग बनाम जमीनी रिपोर्ट कार्ड के बीच फंसा हुआ है।



## होली मिलन का आयोजन

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव और विधायक सचिन यादव ने इस वर्ष भी अपने पैतृक गांव बोरावा में होली मिलन का आयोजन किया। बड़ी संख्या में निकट के लोग पहुंचे। पारम्परिक होली गीतों के बीच ढोल नगाडों के साथ गुलाल लगाई गई, नृत्य भी किया गया।

# नेहरू पार्क स्विमिंग पूल का बंद काम दोबारा शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** नेहरू पार्क में लंबे समय से निर्माणधीन स्विमिंग पूल के निर्माण का काम पिछले दिनों बंद हो गया था। जिसको लेकर क्षेत्रिय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया ने लगातार पहल करते हुए ठेकेदार को जो भी दिक्कत आ रही थी उसका निराकरण करवाकर ठेकेदार को हिदायत दी की अप्रैल के पहले सप्ताह में किसी भी हालत में संपूर्ण कार्य पूरे कर जल्द पूल खिलाड़ियों और क्षेत्र की जनता के लिए गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले शुरू करें। दरअसल क्षेत्र के बच्चे और यहां आने वाले खिलाड़ी नेहरू पार्क स्विमिंग पूल शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी पहाड़िया द्वारा लगातार अफसरों के साथ स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया जा रहा है। पहाड़ियां ने



बताया नेहरू पार्क स्विमिंग पूल का काम मकर संक्रांति के दिन भूमिपूजन कर शुरू किया गया था। वर्तमान में पूल की आधी से ज्यादा टाइल्स लग चुकी है। वहीं परिसर में टाइल्स, चेंजिंग रूम, ऑफिस, डाइविंग स्टैंड, बोरिंग, शावर टैंक, टाइल्स का कार्य पूर्ण हो चुका है। यही नहीं साथ ही दो फिल्टर प्लांट एवं पूल के अंदर लाइटिंग भी लगाई जा चुकी है। हमारा प्रयास है कि गर्मी का मौसम पूरी तरह से शुरू होने से पहले निगम इस पूल को चालू करवा दे ताकि लोगों को परेशानी न हो।

ज्यादतर बच्चों की परीक्षाएं खत्म हो गई है जिससे बच्चे और तैरना सीखने वाले सदस्य, स्कूल-कॉलेज के बच्चे, नियमित सदस्यों द्वारा स्विमिंग पूल चालू करने के लिए लगातार मांग की जा रही है। साथ ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के गोताखोर खिलाड़ी जिन्हें अप्रैल माह में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेना है, उन खिलाड़ियों की प्रैक्टिस नहीं हो पा रही है। नेहरू पार्क स्विमिंग पूल शहर के मध्य में है। प्रदेश का पहला पूल होने के कारण काफी लोकप्रिय है। पार्षद पहाड़िया ने कहा कि इस पूल का काम किसी कारण कुछ दिन पहले बंद हो गया था। इस मामले में निगम आयुक्त और महापौर से चर्चा कर फिर काम शुरू करवा दिया गया है। साथ ही ठेकेदार को भी हिदायत दी गई है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में पूरी तैयारी के साथ इसे शुरू करना है, उसी हिसाब से जल्द बचे काम पूरे करे।



# स्नेह नगर और पटेल नगर के रहवासियों को मिलेगी आदर्श बगीचे की सौगात

## जोन 18 के वार्ड 63 में निगम बना रहा 50 लाख से ज्यादा लागत वाला नवीन गार्डन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जोन 18 के वार्ड क्रमांक 63 से जुड़ी पॉश कॉलोनी स्नेह नगर, पटेल नगर और आसपास की अन्य कालोनी के रहवासियों के लिए क्षेत्र में पहला आदर्श बगीचा तैयार करवा रहा है। जिसकी सौगात लोगों को एकदम नए कलेवर और एकदम नए स्वरूप में जल्द आने वाले गर्मी के सीजन में मिलने वाली है। जिसके तहत वर्तमान में नगर निगम द्वारा लगभग 50 लाख से ज्यादा की लागत से यूरोपीयन तकनीक के द्वारा एक आधुनिक आदर्श बगीचे का नवनिर्माण किया जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल ने बताया यहां जोन क्रमांक 18 एकमात्र आदर्श बगीचे में आसपास के रहवासियों के लिए यूरोपियन टेक्नोलॉजी के तहत एक आदर्श बगीचे का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें आसपास के रहवासियों के लिए सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए आधुनिक मंच बनाया जा रहा है उसके अलावा इस बगीचे में हरियाली खूबसूरती और सौंदर्य करण के लिए एक से बढ़कर एक डेकोरेटिव पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। वहीं रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। साथ ही सजाने-संवरने के तहत और भी कई विकास कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा यहां बगीचे के आसपास के बड़े हिस्से में चारों और एक्यूप्रेशर वाले नवीन डिजाइनर ब्लॉक लगाकर आकर्षक पाथवें का निर्माण भी किया जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल का कहना है कि हमारा प्रयास है कि यहां सुबह-शाम घूमने आने वाले आसपास के सैकड़ों रहवासी परिवारों की सुविधा के लिए महापौर पुष्य मित्र भार्गव से इस आदर्श बगीचे में योगा शेड का निर्माण भी करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके लिए महापौर से चर्चा कर जल्द उनका दौरा भी करवाएंगे ताकि क्षेत्र के हजारों रहवासियों को अपने घर के नजदीक एक आधुनिक योगा शेड की सौगात भी मिल जाए।

**विधायक और निगम सहयोग से लगवाएंगे आधुनिक बेंचें और कुर्सियां-** यही नहीं इसके अलावा इस बगीचे को सही मायने में आदर्श और आधुनिक बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के प्रयासों से रहवासियों की मांग पर यहां शानदार बैठक व्यवस्था के लिए आधुनिक बेंचे एवं कुर्सियां लगाने की भी प्लानिंग है। इसके अलावा रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में विधानसभा दो के सुखलिया क्षेत्र में यूरोपियन टेक्नोलॉजी से तैयार किए गए शहर के पहले आदर्श बगीचे की तर्ज पर अब वार्ड 63 में पार्षद कार्यालय के ठीक पीछे स्थित पुराने बगीचे में जल्द क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले दिनों में आधुनिक सुविधाओं और जबरदस्त हरियाली और खूबसूरती के साथ एक आधुनिक आदर्श बगीचे की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर इन दिनों तेजी के साथ काम किया जा रहा है।

## संपादकीय

# होर्मुज संकट और युद्ध की आंच, तेल आपूर्ति पर खतरा, भारत खोज रहा नए ऊर्जा विकल्प

व्यापार समझौते में अमेरिका ने जिस तरह भारत के सामने रूस से तेल नहीं खरीदने की शर्त लगाई, उससे स्थितियां ज्यादा जटिल हुईं। मगर युद्ध की वजह से पैदा हुई नई परिस्थिति में इस संदर्भ में फैसला लेने के लिए भारत स्वाभाविक ही अपनी जरूरतों के मुताबिक कदम बढ़ा रहा है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध में एक ओर इजराइल-अमेरिका की तरफ से हमले में ईरान के तेल उत्पादन केंद्रों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो रही है, तो दूसरी ओर ईरान के जवाब की जद में भी कतर, बहरीन और सऊदी अरब जैसे खाड़ी के कई तेल उत्पादक देश आ रहे हैं। इसके अलावा, ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को जिस तरह बाधित कर दिया है, उसका मुख्य असर तेल की आपूर्ति पर पड़ना शुरू हो चुका है। हमलों की तीव्रता अगर बनी रही, तो केवल भारत नहीं, समूचे एशिया में तेल और गैस की कीमतें काफी बढ़ सकती हैं। एशिया के कई विकासशील देश शायद इसका बोझ नहीं उठा पाएंगे और नतीजतन उन्हें अपने यहां तेल और गैस की मांग को घटाने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में भारत के सामने भी अपने तेल और गैस की जरूरत भर आपूर्ति को बनाए रखने की बहुस्तरीय चुनौती आ खड़ी हुई है। तेल खरीद के मोर्चे पर भारत जिन नई परिस्थितियों से दो-चार है, उसमें अब स्वाभाविक ही नए विकल्प तैयार करना वक्त का तकाजा है। दरअसल, व्यापार समझौते में अमेरिका ने जिस तरह भारत के सामने रूस से तेल नहीं खरीदने की शर्त लगाई, उससे स्थितियां ज्यादा जटिल हुईं। मगर युद्ध की वजह से पैदा हुई नई परिस्थिति में इस संदर्भ में फैसला लेने के लिए भारत स्वाभाविक ही अपनी जरूरतों के मुताबिक कदम बढ़ा रहा है। शायद यही वजह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता रोके जाने के बाद पैदा होने वाली स्थिति के मद्देनजर भारत को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए रूस या अन्य विकल्प की ओर देखने को लेकर अमेरिका ने नरम रुख अख्तियार किया है। गौरतलब है कि भारत में एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस का पचास फीसद खाड़ी देशों से आता है, जिसका उपयोग बिजली उत्पादन और खाद बनाने में किया जाता है। इसी तरह एलपीजी का साठ फीसद इन्हीं देशों से आता है। मगर जब से ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को बाधित किया है, तब से तेल और गैस की सहज आपूर्ति पर इसका व्यापक असर पड़ा है। हमले के कई दिनों बाद भी दोनों पक्षों की ओर से युद्ध विराम के लिए किसी तरह की पहल करने के संकेत नहीं दिख रहे हैं।

# इंटरनेशनल ट्रेडिंग और एआई बॉट के नाम पर लाखों की ठगी

## टेलीग्राम ग्रुप के जाल में फंसा युवक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक युवक को निवेश के नाम पर अपना शिकार बनाया है। ठगों ने टेलीग्राम ग्रुप के जरिए 'इंटरनेशनल मार्केट' और एआई ट्रेडिंग बॉट का झांसा देकर फरियादी से लाखों रुपये ऐंठ लिए। गिरोह ने फर्जी प्रॉफिट प्रूफ और फर्जी चैट्स के जरिए युवक का विश्वास जीता और फिर अलग-अलग किस्तों में राशि ट्रांसफर करवा ली। पुलिस ने अज्ञात टेलीग्राम ग्रुप एडमिन के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, फरियादी संजय बनवार पिता किशोर बनवार निवासी कुंदन नगर द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है। फरियादी ने बताया कि 30 अक्टूबर 2025 को उन्हें सैक्सोग्रोथ इन्वेस्टमेंट (विश्वव्यापी) नाम के एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया था। ग्रुप के एडमिन ने संजय से चैट के जरिए संपर्क किया और दावा किया कि यदि वे उनके साथ इंटरनेशनल मार्केट में ट्रेडिंग करते हैं, तो उन्हें खुद कुछ करने की जरूरत नहीं होगी। ठगों ने बताया कि उनका 'आई ट्रेडिंग बॉट' 100 प्रतिशत सटीकता के साथ निवेश करेगा और भारी मुनाफा कमा कर देगा। ग्रुप में कई अन्य सदस्य भी अपने प्रॉफिट के स्क्रीनशॉट और प्रूफ शेयर कर रहे थे। जब संजय ने उन सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से चैट की, तो उन्होंने भी इस प्लेटफॉर्म को असली बताया जो कि संभवतः ठगों के ही साथी या फर्जी अकाउंट थे। जब संजय झांसे में आ गए, तो आरोपियों ने उनका 'बाइनेन्स' और 'कू-क्वाइन' जैसे क्रिप्टोकरेंसी ऐप्स पर अकाउंट बनवाया। इसके बाद क्रिप्टो करेंसी दिलाने के बहाने आरोपियों ने अपनी पहचान छुपाते हुए अलग-अलग यूपीआई आईडी के माध्यम से संजय से कुल 2,10,200 रुपये की राशि ट्रांसफर करवा ली। पैसे जमा होने के बाद जब कोई मुनाफा नहीं मिला और ग्रुप एडमिन ने बात करना बंद कर दिया, तब संजय को ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। साइबर सेल की मदद से उन यूपीआई आईडी और टेलीग्राम ग्रुप के डिजिटल पदचिह्नों की जांच की जा रही है ताकि आरोपियों तक पहुँचा जा सके।

# चिकन के पैसे मांगने पर मारपीट, दुकान में की तोड़फोड़

**इन्दौर। कनाडिया** थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना इलाके में चिकन के पूरे पैसे मांगने पर एक दुकानदार पर ल हमला करने का मामला सामने आया है। चिकन की दुकान चलाने वाले युवक ने जब ग्राहक से पूरे पैसे मांगे तो आरोपी ने अपने आधा दर्जन साथियों को बुलाकर न केवल दुकानदार को पीटा, बल्कि दुकान में रखा सामान भी तहस-नहस कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित उसके छह साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कनाडिया पुलिस के मुताबिक, यह घटना बिचौली मर्दाना की है। फरियादी सूर्योदय पिता हरिशंकर वर्मा निवासी बिचौली मर्दाना की चिकन की दुकान है। सूर्योदय ने पुलिस को बताया कि आरोपी बादल इंगले निवासी मुक्तिधाम के पास, बिचौली मर्दाना उसकी दुकान से चिकन लेकर जाने लगा, जब दुकानदार ने पूरे रुपये देने की मांग की और पूरे रुपए नही मिलने पर चिकन देने से मना कर दिया तो इसी बात से नाराज होकर बादल ने अपने साथियों सुनील, रोहित, राहुल, अनमोल, सतीश और अन्य को मौके पर बुला लिया। एक मत होकर आए सभी आरोपियों ने फरियादी के साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, गुंडागर्दी करते हुए आरोपियों ने दुकान के भीतर रखा सामान फेंक दिया और तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुँचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

# मोबाइल पर आई एक फाइल और बैंक खाते से साफ हो गए 1 लाख रुपए

**इंदौर।** आधुनिक दौर में मोबाइल पर आने वाली अनजान फाइलें कितनी खतरनाक हो सकती हैं, इसका ताजा उदाहरण देपालपुर क्षेत्र में देखने को मिला है। यहाँ एक अज्ञात जालसाज ने फरियादी के मोबाइल पर एपीके फाइल की लिंक भेजकर उनके बैंक खाते में सेंध लगा दी और पलक झपकते ही एक लाख रुपए पार कर दिए। देपालपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, ठगी की यह वारदात चिमनखेड़ी निवासी सचिन पिता गजानंद सेठ के साथ 17 फरवरी की शाम को हुई। सचिन ने अपनी शिकायत में बताया कि शाम करीब 6:35 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से एक लिंक और एपीके फाइल आई थी। जैसे ही उन्होंने उत्सुकतावश उस फाइल को डाउनलोड कर ओपन किया, उनके बैंक खाते से एक लाख रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर होने का मैसेज आ गया।

**साइबर डेस्क खंगाल रही है ट्रांजेक्शन की कड़ी-**अचानक हुई इस बड़ी कटौती से पीड़ित दंग रह गया और तुरंत पुलिस की शरण ली। देपालपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला साइबर डेस्क को सौंप दिया है। तकनीकी टीम अब उस लिंक के स्रोत और जिस खाते में पैसे ट्रांसफर हुए हैं, उसकी जानकारी जुटा रही है।

# सरेराह गुंडागर्दी..सगे भाइयों ने कांच के कटर से किया युवक पर हमला

## परिजनों के साथ भी की मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**एरोड्रम थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश और वर्चस्व को लेकर मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। सुविधि नगर में घर के बाहर खड़े एक युवक पर पड़ोस की कॉलोनी के दो सगे भाइयों ने बिना किसी कारण विवाद किया और कांच के कटर से हमला कर लहूलुहान कर दिया।बीच-बचाव करने आए युवक के पिता और बहन के साथ भी आरोपियों ने झूमाझटकी की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, घटना सुविधि नगर की है। फरियादी अजय पिता सुनील चौरसिया ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी पास की साकेत धाम कॉलोनी के रहने वाले आरोपी सुनील परमार और उसका बड़ा भाई संजय परमार वहां पहुँचे। दोनों आरोपियों ने बिना किसी बात के अजय को गालियां देना शुरू कर दिया।?जब अजय ने गाली देने से मना किया, तो दोनों भाइयों ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी संजय ने अपने पास रखे कांच के कटर से अजय पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में अजय के दोनों हाथों, पीठ और घुटनों पर गहरी चोटें आईं और खून निकलने लगा। भाई को पिटता देख अजय की छोटी बहन और पिता सुनील चौरसिया उसे बचाने दौड़े, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट और झूमाझटकी की। शोर मचने पर जब लोग इकट्ठा होने लगे, तो दोनों आरोपी वहां से भाग निकले। भागते समय आरोपियों ने धमकी दी कि आज तो बच गया, अब दोबारा सामने आया तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने अजय की शिकायत पर सुनील और संजय परमार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# खाना अच्छा न बनाने पर नशेड़ी युवक ने बुजुर्ग महिला को पीटा

## धक्का लगने से कंधे में आई चोट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी ने शराब के नशे में खाना पसंद न आने की बात पर विवाद किया और महिला को धक्का देकर गिरा दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अपने पैतृक जिला धार जाना पड़ा। पुलिस ने अब आरोपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

राऊ पुलिस के मुताबिक घटना गणेश विहार कॉलोनी की है। फरियादिया रंगूबाई पति लालसिंह अजनारे (60) जो मूल रूप से ग्राम गंधवानी जिला धार की रहने वाली हैं और वर्तमान में राऊ में अपनी बेटी के साथ रह रही हैं, उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादिया ने बताया कि 24 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे उनकी बेटी के साथ काम करने वाला आरोपी लखन वसारी निवासी बाड़ी मोहल्ला राऊ शराब के नशे में धुत होकर उनके घर आया, वहां खाना खाने की बात को लेकर उसने अचानक विवाद शुरू कर दिया और बुजुर्ग महिला को अश्लील गालियां देने लगा। जब रंगूबाई ने उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी आपा खो बैठा और उसने महिला को धक्का मार दिया। गिरने के कारण बुजुर्ग महिला के बाएं कंधे में गंभीर चोट आई। वारदात को अंजाम देकर भागते समय लखन ने धमकी दी कि अगर आगे से खाना अच्छा नहीं बनाया या पुलिस में रिपोर्ट करने गई तो जान से खत्म कर दूंगा। घटना के बाद महिला घबरा गई थी और असहनीय दर्द के कारण इलाज कराने अपने पैतृक ग्राम गंधवानी चली गई थी। वहां से लौटने के बाद अब उन्होंने राऊ थाना पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी लखन के विरुद्ध केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# उपचार के दौरान युवक की मौत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तिलक नगर थाना क्षेत्र के सोहन नगर में रहने वाले सचिन पिता वीरेन्द्र राणा उम्र 45 वर्ष के पेट में पानी भरने से उनका पूर्व में ऑपरेशन किया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक सचिन पूर्व में शराब पीने का आदी था, लेकिन ऑपरेशन के बाद वे बेडरेस्ट पर थे और शराब भी बंद कर दी थी। आराम के दौरान कल अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उन्हें बेसुध अवस्था में परिजन एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। सचिन के दो बच्चे भी है।


## सोना-चांदी के आज के भाव



| | गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|---|
| | 162700 | 162000 |
| | सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| | 272500 | 276400 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# संजू ने कम मैच खेलकर लगाए ज्यादा छक्के

## टूर्नामेंट में कुल 780 छक्के लगे

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप छक्कों की बारिश वाला विश्व कप रहा है। विश्व कप के 10वें एडिशन कुल 780 छक्के लगे हैं और 17 हजार से अधिक रन बने हैं। संजू सैमसन ने छक्के जड़ने के मामले में कमाल किया है वहीं हार्दिक पांड्या ने छक्का खाने की वजह से शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया है।

टी-20 विश्व कप 2026 में कई कीर्तिमान स्थापित हुए। 1 महीने तक चले इस टूर्नामेंट में छक्कों की ऐसी मूसलाधार बारिश हुए कि रिकॉर्डबुक के सारे पिछले पन्ने उलट-पुलट हो गए। विश्व कप के 10वें एडिशन में कुल 780 छक्के लगे जो एक टी-20 विश्व कप एडिशन में लगने वाले सर्वाधिक छक्के हैं। इतना ही नहीं, भारतीय टीम ने इस विश्व कप एडिशन में 106 छक्के जड़ दिए। टीम इंडिया किसी भी टी-20 विश्व कप एडिशन में 100 छक्के जड़ने वाली पहली टीम बन गई है।

टी20 वर्ल्ड कप में इस सीजन खूब रन बरसे। 20 टीमों ने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। लीग और सुपर-8 को मिलाकर कुल 52 मुकाबले खेले गए। दो सेमीफाइनल मुकाबले और फाइनल मैच को मिलाकर कुल 55 मैच खेले गए। इस दौरान पूरे टूर्नामेंट में कुल 17582 रन बने। इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों की सिक्स हिटिंग एबिलिटी जमकर देखने को मिली। संजू सैमसन ने टी-20 विश्व कप 2026 में सर्वाधिक छक्के जड़े। उन्होंने 5 मैचों में ही 24 छक्के जड़कर यह कीर्तिमान स्थापित किया।

टी-20 विश्व कप 2026 में इस टूर्नामेंट के इतिहास में किसी एक मैच में सर्वाधिक छक्के लगने का कार्तिमान भी स्थापित हो गया। यह रिकॉर्ड भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में बना। दोनों टीमों ने 40 ओवर में कुल 34 छक्के जड़े दिए जो विश्व कप



के किसी भी मैच में सर्वाधिक है।

इस दौरान हार्दिक पांड्या के नाम एक ऐसा शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया जो कोई भी गेंदबाज नहीं चाहेगा कि उसके नाम दर्ज हो। इस टूर्नामेंट में वे सर्वाधिक छक्के खाने वाले गेंदबाज बन गए। हार्दिक पांड्या ने इस विश्व कप एडिशन में 9 मैचों में गेंदबाजी करते हुए कुल 20 छक्के खाए जो किसी भी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक हैं।

बता दें कि यह टूर्नामेंट शतकों के लिहाज से भी खास रहा। टी-20 विश्व कप 2026 के एडिशन में सात शतक लगे जो एक इतिहास है। इससे पहले किसी भी विश्व कप एडिशन में दो से ज्यादा शतक नहीं लगे थे लेकिन इस एडिशन में तीन या चार नहीं, बल्कि 7 शतक लगाए। इस विश्व कप की खास बात यह भी रही की छोटी टीमों ने कई बड़ी टीमों को परेशान किया। जिम्बाब्वे जैसी टीम ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को पटखनी देकर सुपर-8 में जगह बनाई।

# फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**इंदौर।** ओंकार सिंह चावड़ा की स्मृति में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विश्वनाथ रावल एवं अंकित चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन आयोजन समिति के सदस्य विकास चव्हाण और प्रथम पाठक द्वारा किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला आनंद फुटबॉल क्लब और बंगाली क्लब के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा और मैच टाईब्रेकर तक पहुंच गया। टाईब्रेकर में आनंद फुटबॉल क्लब ने 4–2 से जीत दर्ज कर मैच अपने नाम किया।

दूसरा मुकाबला वीएम यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और घोसी क्लब, महू के बीच खेला गया। यह मुकाबला भी बेहद रोमांचक रहा और निर्धारित समय के बाद परिणाम टाईब्रेकर में तय हुआ। टाईब्रेकर में घोसी फुटबॉल क्लब, महू ने 4–2 से जीत हासिल की। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मैच का आनंद लिया। आयोजन समिति ने सभी टीमों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।



# राष्ट्रीय स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित

**इंदौर।** गत दिनों हरियाणा के बहादुरगढ़ में हुई राष्ट्रीय बिलियर्ड्स-स्नूकर स्पर्धा में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को गौरवांन्वित किया था। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर मध्यप्रदेश बिलियर्ड्स-स्नूकर एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों को नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस राष्ट्रीय स्पर्धा में इंदौर की अमी कमानी ने दो टाइटल अपने नाम किए। महिला वर्ग के सीनियर स्नूकर में अमी ने तमिलनाडु की अनुपमा रामचंद्रन को 3-1 से हराकर राष्ट्रीय चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। वहीं सीनियर महिला बिलियर्ड्स में अमी को अनुपमा से ही हार मिली और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं सबजूनियर वर्ग में म.प्र. के ओवेश खान ने रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल में महाराष्ट्र के आरव संचेती ने ओवेश को 3-0 से हराया था। वहीं इंदौर के केतन चावला ने सीनियर स्नूकर में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। सेमीफाइनल में केतन को वर्ल्ड चैंपियन पीएसपीबी के पंकज आड़वाणी ने 5-1 से हराया था। वहीं सीनियर वूमन स्नूकर में इंदौर की ही ईशिका शाह भी सेमीफाइनल तक खेली। उन्हें अनुपमा रामचंद्नन ने मात दी थी। वहीं जूनियर बालिका स्नूकर में सान्वी शाह ने भी अंतिम चार तक का सफर तय किया। सेमीफाइनल में तमिलनाडु की अफीफा के हाथों सान्वी को मात मिली। साथ ही अन्य खिलाड़ियों ने भी उम्दा प्रदर्शन किया और मुख्य दौर में अपनी जगह बनाई थी। सोमवार को एक सादे समारोह में इन सभी खिलाड़ियों को म.प्र. बिलियर्ड्स स्नूकर एसोसिएशन के अध्यक्ष भोलू मेहता, भारतीय बिलियर्ड्स स्नूकर फेडरनेशन के सचिव सुनील बजाज, उपाध्यक्ष अश्विनी पुराणिक ने सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर म.प्र. बिलियर्ड्स एकेडमी के इंचार्ज सुजीत गेहलोत, संजय गौड़, अनंत तिवारी व लक्ष्य गोहर को भी सम्मानित किया गया।

# विनय, हर्ष, पूर्वी व साई रहे सर्वश्रेष्ठ लिफ्टर



**इंदौर।** इंदौर कॉरपोरेशन द्वारा आयोजित सब जूनियर और जूनियर क्लासिक पुरुष-महिला पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता श्रीराम जिम परिसर रोबोट जिम पर संपन्न हुई । इस प्रतियोगिता के आधार पर चुनी टीम दिनांक 11 से 13 अप्रैल को जबलपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण पूर्व फौजी मोहनलाल कुशवाह, दविंदर सिंह खनूजा, विमल प्रजापत, लुईस नरहोना, श्रीराम तारे, रमेशचन्द्र नामदेव, संजीव राजदान, मीरा राजदान, रेखा अग्रवाल ने किया । प्रतियोगिता में बेस्ट लिफ्टर सबजूनियर पुरुष में विनय सिंह, जूनियर पुरुष में हर्ष यादव एवं सबजूनियर वूमेंस में पूर्वी लश्करी व जूनियर वूमेंस में साईं वीर गुप्ता रही। निर्णायक की भूमिका धर्मेंद्र पालीवाल, सुमित पालीवाल, विकास जोशी, राजेश्वर वर्मा, जितेंद्र चौहान, मनीष लश्करी, दिलीप भूरिया, कैलाश जोशी, अंबिकेश तिवारी, अखिलेश, तनिष्क पालीवाल ने निभाई । कार्यक्रम का संचालन जितेंद स्वामी ने किया और आभार चिराग जोशी ने माना।

# टीम भारत की जीत पर पाकिस्तानी दिग्गजों ने कहा

## ट्रॉफी उठाने की थी टीम हकदार

**नई दिल्ली।** भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 अपने नाम कर लिया है। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त दी। भारत की जीत पर पाकिस्तानी दिग्गज 'लट्टू', हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सूर्या ब्रिगेड क्यों ट्रॉफी उठाने की हकदार थी?

भारत के लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतकर इतिहास रचने के बाद पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने टीम की सराहना की है। पूर्व टेस्ट कप्तान और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने कहा कि कोई भी टीम जो सेमीफाइनल और फाइनल में 250 से अधिक का स्कोर बनाती है वह चैंपियन बनने की हकदार है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 255 रन बनाने के बाद 96 रन से जीत दर्ज की। मियांदाद ने कहा, उनकी टीम (भारत) अब एक मजबूत प्रक्रिया आधारित क्रिकेट ढांचे का फायदा उठा रही है। उन्होंने कहा, अगर आप देखें कि वे अब कितनी प्रतिभा तैयार कर रहे हैं तो यह उनके मजबूत ढांचे की वजह से है। उनके पास बल्लेबाज, स्पिनर या तेज गेंदबाजों की कमी नहीं है और उनके युवा खिलाड़ी नतीजा हासिल करने के लिए खेलते हैं और उन्हें खेल की जानकारी है। इस पूर्व महान खिलाड़ी ने कहा कि जब किसी टीम के ड्रेसिंग रूम में जीतने की संस्कृति और मानसिकता बन जाती है तो इससे हमेशा खिताब जीतते हैं, यही वजह है कि भारत ने पिछले साल चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती थी। उन्होंने कहा, हमारे ड्रेसिंग रूम में एक बार ऐसा माहौल था और हम अक्सर जीतते थे।

पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने कहा कि भारत की जीत कोई हैरानी की बात नहीं थी क्योंकि उनके खिलाड़ी अब दबाव में खेलने के आदी हो गए हैं। उन्होंने कहा, जब आप नियमित तौर पर बड़ी प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचते हैं तो खिलाड़ी भी जीतने के आदी हो जाते हैं। राशिद ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम में निरंतरता और स्थिरता भी उनकी सफलता का एक अहम कारण है जबकि इसके विपरीत पाकिस्तान में बार-बार बदलाव और बेसब्री ने कई समस्याएं पैदा की हैं। पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज सिकंदर बख्त ने कहा कि जब तक पसंद, नापसंद, चयन और कप्तानी के गलत फैसले लेने की मौजूदा संस्कृति खत्म नहीं होती तब तक पाकिस्तान टीम बड़ी प्रतियोगिताओं में बड़ी टीमों के खिलाफ संघर्ष करती रहेगी।

# देश के दिग्गज टेटे खिलाड़ी इंदौर में दिखाएंगे जौहर

**इंदौर।** टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा 14 से 21 मार्च तक स्थानीय अभय प्रशाल में खेली जायेगी। 43 वर्षों बाद इंदौर में आयोजित होने वाली इस स्पर्धा में खिलाडियों को 20 लाख रुपए की नगद इनामी राशि प्रदान की जायेगी। स्पर्धा आयोजन पर करीब एक करोड़ रु. व्यय अनुमानित है। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष ओम सोनी तथा स्पर्धा सचिव जयेश आचार्य ने बताया कि 1983 के बाद आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन में 32 राज्यों के करीब 400 खिलाडी भाग लेंगे। इनके साथ ही करीब 500 खिलाड़ियों की अतिरिक्त प्रविष्ठियां प्राप्त हुई है। कुल मिलाकर इस स्पर्धा में 900 खिलाड़ी तथा 50 से ज्यादा अधिकारी भाग लेंगे। प्रत्येक राज्य की टीम में पांच पुरुष खिलाड़ी, पांच महिला खिलाड़ियों के साथ ही प्रबंधक तथा प्रशिक्षक सहित बारह सदस्यीय दल मुख्य रूप से भाग लेगा। स्पर्धा के मुख्य प्रायोजक यूटीटी (अल्टीमेट टेबल टेनिस) है। स्टेग ग्लोबल सह प्रायोजक है। सोनी तथा आचार्य ने बताया कि स्पर्धा में कुल बीस लाख दस हजार आठ सौ रुपए की इनामी राशि दांव पर होगी। पुरुष तथा महिला एकल विजेता को समान रूप से 352000 रुपए की नगद इनामी राशि प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही एकल वर्ग में प्रिक्वार्टर फायनल दौर तक खेलने वाले खिलाड़ियों को इनामी राशि प्रदान की जायेगी।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुराने पासपोर्ट **नं. J 8472345** था उसमें मेरा नाम **SARDAR BANO W/O ASGARALI SAYED** था अब मैंने अपना नाम **SARDAR BANO SAYED W/O ASGARALI SAYED सरदार बानो सैय्यद पति असगर अली सैय्यद** कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**सरदार बानी सैय्यद**
**पति असगर अली सैय्यद**
**माणिकबाग रोड 5 नंदनवन कालोनी इन्दौर 452014**

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुराने पासपोर्ट **नं. J 8472253** था उसमें मेरा नाम **SAYED ASGARALI MAHERBANALI S/O MAHERBANALI SAYED** था अब मैंने अपना नाम **SAYED ASGARALI S/O MAHERBANALI SAYED सैय्यद असगर अली पिता मेहरबान अली सैय्यद** कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**सैय्यद असगर अली**
**पिता मेहरबान अली सैय्यद**
**माणिकबाग रोड 5 नंदनवन कालोनी इन्दौर म.प्र. 452014**

### टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार

# चार खिलाड़ियों ने 300 का आंकड़ा पार किया




**नई दिल्ली।** 19 साल पहले टी20 विश्व कप की शुरुआत हुई थी और अब तक 10 एडिशन इसके खेले जा चुके हैं, मगर पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ऐसा हुआ है कि एक सीजन में चार बल्लेबाजों ने 300+ वाला आंकड़ा पार किया है।

टी20 वर्ल्ड कप को शुरू हुए 19 साल होने के हो और 10 बार अब तक ये टूर्नामेंट खेला गया है, लेकिन 2026 में खेला गया ये टी20 विश्व कप अपने आप में अद्भुत रहा। पहली बार एक टूर्नामेंट में एक या दो नहीं, बल्कि चार बल्लेबाजों ने 300-300 से ज्यादा रन बनाए हैं। 300 प्लस वाला कारनामा इस टूर्नामेंट से पहले चार बार हो चुका है, लेकिन हैरानी की बात ये है कि चार अलग-अलग सीजन में बल्लेबाजों ने 300 प्लस रन बनाए थे, लेकिन इस बार के टी20 विश्व कप में चार अलग-अलग बल्लेबाजों ने ये करिश्मा कर दिखाया। यहां तक कि एक ही टीम के दो बल्लेबाज 300-300 से ज्यादा रन बनाने में सफल रहे।

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में 2026 के एडिशन से पहले चार बार बल्लेबाजों ने एक सीजन में 300-300 से ज्यादा रन बनाए थे। 2009 में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान, 2010 में श्रीलंका के ही महेला जयवर्धने, 2014 में विराट कोहली और 2021 में बाबर आजम ने 300 या इससे ज्यादा रन एक टूर्नामेंट में बनाए हुए हैं। दिलशान ने 317, जयवर्धने ने 302, विराट ने 319 और बाबर ने 303 रन बनाए हुए हैं, लेकिन इन सभी का रिकॉर्ड 2026 के एडिशन में टूट चुका है, क्योंकि 3 बल्लेबाज तो विराट को भी पीछे छोड़ने में सफल रहे हैं, जिनका अभी तक सबसे ज्यादा रन एक सीजन में बनाने का रिकॉर्ड था।

वहीं, अगर बात 2026 के सीजन की करें तो पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान ने 6 पारियों में 383 रन बनाकर टी20 विश्व कप का रिकॉर्ड कायम किया था। इसके अलावा टिम सीफर्ट 326 रन बनाकर सीजन में दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड हासिल करने वाले संजू सैमसन ने 321 रन 5 पारियों में बनाए। ये तीनों बल्लेबाज अब एक एडिशन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में टॉप 3 में हैं। ईशान किशन सीजन के चौथे ऐसे बल्लेबाज थे, जो 300 का आंकड़ा पार करने में सफल हुए। उन्होंने 317 रन 9 पारियों में बनाए।

### एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 300 प्लस रन

383 - साहिबजादा फरहान
326 - टिम सीफर्ट
321 - संजू सैमसन
317 - ईशान किशन

# यह टीम की सफलता की बस शुरूआत है: पंड्या





**नई दिल्ली ।** भारत के दिग्गज ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि लगातार दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीतना उनके लिए एक व्यक्तिगत वादा पूरा होने जैसा है और यह टीम की सफलता की बस शुरूआत है।

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने लगातार दूसरा टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता है। हार्दिक पांड्या ने कहा है कि एक और टी20 विश्व कप खिताब जीतना उनके लिए एक व्यक्तिगत वादा पूरा होने जैसा है। ऑलराउंडर ने यह भी कहा है कि यह टीम की सफलता की बस शुरुआत है। पांड्या ने इस टूर्नामेंट में दो अर्धशतक लगाए और जरूरत पड़ने पर जबरदस्त स्पेल डाले। टी20 विश्व कप 2026 में उनको 9 विकेट भी मिले।

हार्दिक पांड्या ने कहा कि बारबाडोस में जीत (2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) के बाद मैंने खुद से वादा किया था कि मैं जिस भी टूर्नामेंट में खेलूंगा, जीतने के लिए खेलूंगा और ट्रॉफी उठाऊंगा। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ यह जीत इस बात का सबूत है कि मैंने खुद से जो वादा किया, वो सच हो गया है और यह तो बस शुरुआत है।

32 साल के पांड्या उन चार भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें आईसीसी की 2026 टी20 विश्व कप की टीम में शामिल किया गया है। पांड्या ने अमेरिका में 2024 विश्व कप से पहले खुद की मुश्किलों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, जब हमने 2024 में टी20 विश्व कप जीता तो मुझे व्यक्तिगत तौर पर बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। उस टूर्नामेंट से पहले बहुत कुछ हुआ था और चीजें मेरे हिसाब से नहीं हो रही थीं। 2024 विश्व कप शुरू होने से पहले मैंने मन बना लिया था कि मैं वापसी करूंगा।

पांड्या ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन को याद किया जिसने भारत के आईसीसी टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे सूखे को खत्म किया और कहा, मैं जबरदस्त वापसी करना चाहता था। मैंने ऐसा किया और अपनी टीम को 17 साल बाद ट्रॉफी जिताने में मदद की। पांड्या टूर्नामेंट के पिछले चरण में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छे रहे थे। उन्होंने 7.64 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए और 48.00 की औसत से 144 रन बनाए। बड़ौदा के इस ऑलराउंडर ने आगे कहा, अहमदाबाद में इस टी20 विश्व कप जीत की बात करें तो, यह कुछ ऐसा है जिसके लिए मैं हमेशा खेलता हूं। मैं अपने देश के लिए अच्छा करने और ट्रॉफी जीतने के लिए क्रिकेट खेलता हूं। मैं भारत के लिए सभी ट्रॉफी जीतना चाहता हूं। भारत रविवार को टी20 विश्व कप का खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बन गया और टीम ने 2007 में टूर्नामेंट का पहला चरण जीतने के बाद अब तीन खिताब जीत लिए हैं।




# 2027 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू करेंगे-गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि भारतीय टीम अब वनडे विश्व कप 2027 के लिए पूरी गंभीरता से तैयारी शुरू करने वाली है। गंभीर का मानना है कि आईपीएल के ठीक बाद टीम का पूरा फोकस 50 ओवर के फॉर्मेट पर शिफ्ट हो जाएगा।

सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को हराकर टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जीती है। टीम इंडिया तीन बार टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई है। टीम को चैंपियन बने अभी ज्यादा समय नहीं बिता है लेकिन कोच गौतम गंभीर ने आगामी वनडे विश्व कप के लिए तैयारी शुरू करने का ऐलान कर दिया है। कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को बताया है कि आईपीएल 2026 के अंत तक वनडे विश्व कप 2027 के लिए ब्लूप्रिंट तैयार हो जाएगा। गंभीर ने कहा कि टीम मैनेजमेंट कुछ दिन आराम करेगी और फिर अगले आईसीसी टूर्नामेंट के लिए प्लान बनाने पर लग जाएगी।

वनडे विश्व कप 2027 दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वे में खेला जाएगा। वहां की पिचें बहुत तेज और उछाल वाली होती हैं। गंभीर ने कहा कि आईपीएल 2026 के तुरंत बाद इस टूर्नामेंट की तैयारी शुरू हो जाएगी और मई के अंत तक खिलाड़ियों को चुन लिया जाएगा और पूरी प्लानिंग कर ली जाएगी। भारत अगले आईसीसी इवेंट तक 25-30 वनडे खेलने वाला है। गौतम गंभीर ने कहा, 2027 विश्व कप की योजना आईपीएल के बाद शुरू होगी। आईपीएल 2026 और विश्व कप के बीच लगभग 25 से 30 वनडे मैच होने हैं। आजकल यह फॉर्मेट बहुत ज्यादा नहीं खेला जाता है। हम जितनी जल्दी इसकी योजना बनाना शुरू करेंगे, हमारे लिए उतना ही बेहतर होगा।

कोच ने आगे कहा, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट खेलने के लिए आसान जगह नहीं है। हमें वहाँ की कंडीशन्स के हिसाब से सही कॉम्बिनेशन ढूंढने होंगे और उन खिलाड़ियों की पहचान करनी होगी जो उन परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। यह काम सिलेक्टर्स और कोचिंग स्टाफ करेंगे। आईपीएल 2026 खत्म होने तक भारत के पास वनडे विश्व कप 2027 का पूरा ब्लूप्रिंट तैयार हो जाएगा।

# भारत और स्कॉटलैंड के बीच मुकाबला दो-दो से ड्रॉ रहा



**नई दिल्ली।** एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर में भारत और स्कॉटलैंड के बीच मुकाबला दो-दो से ड्रॉ रहा। भारतीय टीम पहले हाफ तक 2-1 से आगे थी, लेकिन स्कॉटलैंड ने तीसरे क्वार्टर में शानदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया।

हैदराबाद में हुआ यह मुकाबला महिला हॉकी विश्व कप के दो क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों में से एक था, दूसरा टूर्नामेंट चिली के सैंटियागो में आयोजित किया गया था। हैदराबाद और सैंटियागो दोनों टूर्नामेंटों में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें 2026 महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी। इस साल विश्व कप की मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड संयुक्त रूप से कर रहे हैं।

# सूर्यकुमार ने टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अडालज बावड़ी में करवाया फोटोशूट

**नई दिल्ली।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी-20 विश्व कप 2026 की ट्रॉफी के साथ गुजरात के ऐतिहासिक अडालज बावड़ी में एक भव्य फोटोशूट कराया। इस दौरान फैंस भी मौजूद रहे। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के सोमवार को अडालज बावड़ी में विशेष फोटोशूट के लिए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ पहुंचते ही उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रशंसक सूर्यकुमार की एक झलक पाने के लिए आसपास की दीवारों और छतों पर भी चढ़ गए। जैसे ही कप्तान ट्रॉफी के साथ पहुंचे, प्रशंसकों ने 'इंडियाष्ठ इंडिया' के नारों से माहौल को और भी जोशीला बना दिया। भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब को अपने नाम किया। अधिकारियों ने बताया कि अडालत बावड़ी का यह दौरा भारतीय कप्तान और विश्व कप ट्रॉफी के साथ आयोजित एक प्रमोशनल फोटोशूट का हिस्सा था। इससे पहले भी इस ऐतिहासिक स्मारक पर इसी तरह के फोटोशूट आयोजित किए जा चुके हैं।

# मंदिरों में चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

## नशे के शौक के लिए पीतल के घंटे और बर्तन चुराते थे आरोपी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सिमरोल पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर मास्क और मफलर बांधकर चोरी की स्कूटी से वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने उनके पास से चोरी का भारी-भरकम पीतल का घंटा और वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की स्कूटी बरामद की है।

सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार के अनुसार, पिछले कुछ समय से क्षेत्र के मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा था। 12 फरवरी की रात ग्राम चोरल स्थित परमहंस आश्रम के शिव मंदिर से पीतल का घंटा चोरी हुआ था। इसके बाद 4 मार्च को ग्राम मेंमदी के हनुमान मंदिर और ग्राम दतोदा के गणेश मंदिर से भी पीतल के घंटे, घंटियां और तांबे के लोटे चोरी होने की शिकायतें मिली थीं।

### सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र से मिली सफलता

लगातार हो रही चोरियों को देखते हुए पुलिस ने एक विशेष टीम गठित की और कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दो संदिग्ध बिना नंबर की सफेद एक्टिवा स्कूटी पर चेहरे ढंककर घूमते नजर आए। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक तलाईनाका तिराहा की ओर आ रहे हैं। घेराबंदी कर जब स्कूटी सवार राहुल मावी निवासी ग्राम गुंजारा और राज चौहान निवासी ग्राम कोदरिया, महू को रोका गया, तो उनके पास से करीब 25 किलो वजनी पीतल का घंटा बरामद हुआ।



कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने कबूल किया कि वे नशे की लत को पूरा करने के लिए मंदिरों में चोरी करते थे। उन्होंने चोरल, मेंमदी और दतोदा के मंदिरों में चोरी करना स्वीकार किया है। जांच में यह भी सामने आया कि जिस सफेद एक्टिवा का वे उपयोग कर रहे थे, वह उनके एक साथी ने किशनगंज थाना क्षेत्र से चोरी की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और न्यायालय से रिमांड लेकर अन्य वारदातों और चोरी किए गए बाकी सामान के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष पथराव में दो घायल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिचोली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जमकर पथराव कर दिया, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग निकले, लेकिन जाते-जाते हथियारों के साथ वापस लौटने और जान से मारने की धमकी दे गए।

मानपुर पुलिस के मुताबिक, घटना 8 मार्च की रात करीब 8:30 बजे जिराती चौराहे की है। फरियादी रवि मीणा निवासी बिचोली ने पुलिस को बताया कि उसके पिता कमल मीणा और आरोपी संतोष पाटीदार निवासी जामली के बीच किसी पुरानी बात को लेकर बहस हुई थी। उस वक्त तो संतोष वहां से चला गया, लेकिन कुछ ही देर बाद वह एक राय होकर अपने साथियों लक्की मीणा, अजय मीणा, लक्ष्मीनारायण मीणा सभी निवासी हासलपुर और अन्य लोगों के साथ वापस लौटा। आरोपियों ने आते ही गाली-गलौच शुरू कर दी। जब फरियादी पक्ष ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर पत्थरों से हमला कर दिया।

इस पत्थरबाजी में राजेश मीणा और अरमान मीणा के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव के बाद जब भीड़ जमा होने लगी, तो आरोपी वहां से भागने लगे। भागते समय आरोपियों ने चिल्लाकर धमकी दी कि 'अभी तो पत्थर मारे हैं, अब बंदूक, तलवार और ज्यादा आदमी लेकर आएंगे और तुम्हें जान से खत्म कर देंगे।'पुलिस ने रवि मीणा की शिकायत पर संतोष पाटीदार और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# मस्जिद कमेटी के हिसाब को लेकर किराना व्यापारी पर चाकू से हमला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



इन्दौर। सदर बाजार थाना क्षेत्र में सोमवार को मस्जिद कमेटी के हिसाब-किताब का विवाद हिंसक रूप ले बैठा। नमाज़ अदा कर बाहर निकल रहे एक किराना व्यापारी पर मस्जिद कमेटी के सदर के बेटे और उसके साथियों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में सदर और उसके दो बेटों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना सदर बाजार क्षेत्र की है। घायल का नाम एजाज़ निवासी भिश्ती मोहल्ला है। जानकारी के मुताबिक, मस्जिद के खातों और कमेटी के हिसाब को लेकर पिछले कुछ दिनों से दो पक्षों के बीच खींचतान चल रही थी। सोमवार को जब एजाज़ तरावीह की नमाज़ अदा कर मस्जिद से बाहर निकल रहे थे, तभी आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि मस्जिद कमेटी के सदर बाबर, उसके बेटे असलम और साहिल ने पुरानी रंजिश और हिसाब के विवाद को लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी।



फरियादी

विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने चाकू निकाल लिया और एजाज़ पर हमला कर दिया। लहूलुहान हालत में एजाज़ को अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने फरियादी एजाज़ की शिकायत पर आरोपी बाबर, असलम और साहिल के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# अश्लील कमेंट का विरोध करना पड़ा महंगा

## बाइक सवार बदमाशों ने किया पथराव, वीडियो वायरल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बाणगंगा थाना क्षेत्र में मनचलों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अश्लील कमेंट का विरोध करने पर उन्होंने एक परिवार के घर को निशाना बनाया। बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने रात के अंधेरे में घर पर जमकर पथराव किया, जिससे खिड़कियों के कांच फूट गए। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर आरोपी बॉबी और उसके साथी ऋषि कुशवाह के खिलाफ दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उस पर अश्लील कमेंट किए थे और बदतमीजी की थी। जब परिवार के सदस्यों ने इस अभद्र व्यवहार का विरोध किया, तो आरोपियों ने देख लेने की धमकी दी। विवाद के कुछ समय बाद, आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आए और पीड़िता के घर पर पथराव शुरू कर दिया। पत्थरबाजी से घर की खिड़कियों के कांच टूट गए और परिवार में दहशत फैल गई। शोर मचाने और पड़ोसियों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना का स्पष्ट वीडियो उपलब्ध होने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामूली धाराओं में केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को पथराव और उत्पात का वीडियो भी सौंपा है। वहीं, बाणगंगा थाना पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है और वायरल वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने लगाई फांसी

इन्दौर। तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान प्रताप पिता महेंद्रसिंह चौहान (36) निवासी गोमा की फेल के रूप में हुई है। युवक ने बीती देर रात अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तुकोगंज पुलिस मौके पर पहुँची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवा दिया है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के ठोस कारणों का पता नहीं चल सका है।

# तीन माह की बच्ची ने दूध पिया और निकलने लगे मुंह से झाग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था मातृ छाया द्वारा तीन माह की बच्ची का लालन-पोषण किया जा रहा था। इस बच्ची के माता-पिता बड़वानी में छोड़कर चले गए थे और संस्था इंदौर लेकर आई थी और लालन-पोषण कर रही थी। कल बच्ची अच्छी स्थिति में थी, लेकिन दूध पीने के थोड़ी देर बाद मुंह से बालिका को झाग निकलने लगे, संस्था के कर्ताधर्ताओं ने तत्काल संज्ञान लेकर तीन माह की बालिका को बाम्बे अस्पताल दाखिल किया। वहां भी 4 घंटे तक उपचार चला और जब गंभीर अवस्था बन गई तब बाम्बे अस्पताल से एमवाय रैफर कर दिया, जहां मासूम की मृत्यु हो गई। अब इस मामले में जांच की जा रही है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि दूध पीने के बाद बालिका को झाग निकला और हालात गंभीर हो गई, इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**तत्काल अस्पताल ले गए, लेकिन बचाया नहीं जा सका**

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।